


Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रमजान मुबारक 2०26 टाइम टेबिल सहरी-इफ्तार........०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

राहुल गांधी बोले- किसान की सुरक्षा-सम्मान से ही........०1

वर्ष: ०3 अंक: 222 | बदायूं, शुक्रवार 27 फरवरी 2०26 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये


## ज्ञानेश कुमार के साथ विभिन्न दलों की बैठक, कितने चरण में होंगे तमिलनाडु चुनाव

**दिल्ली।** तमिलनाडु में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की सियासत में गर्माहट बढ़ गई है। इसका बड़ा कारण है कि एक तरफ जहां चुनावी रण में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। वहीं दूसरी ओर अधिकतर राजनीतिक पार्टियों ने राज्य में होने वाले चुनाव को एक चरण में कराने की मांग की है। यह बात तब सामने आई है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश पार्टियों ने चुनाव एक ही चरण में कराने का अनुरोध किया।



इसके साथ ही बैठक में पार्टियों ने चुनाव में धनबल और मुफ्त चीजों के वितरण पर कड़ी निगरानी रखने की भी मांग की। बता दें कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले हुए इस बैठक में ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर्चना पटनाइक और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पार्टियों ने बैठक में हिस्सा लिया। इसमें आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भाजपा, सीपीआई(एम), कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी शामिल थीं। राज्य पार्टियों में एआईएडीएमके, डीएमके, डीएमडीके, नाम तमिझार काची और विदुथलाई चिरुथाइगल काची शामिल थीं। बैठक में पार्टियों ने चुनाव आयोग से उड़नदस्ता दलों की संख्या बढ़ाने और चुनावी गड़बड़ियों पर कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि चुनाव की तारीख तय करते समय त्योहारों को ध्यान में रखा जाए।

इसके साथ ही ज्ञानेश कुमार ने सभी पार्टियों को आश्वासन दिया कि चुनाव हमेशा कानून के तहत मुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे और चुनाव आयोग प्रलोभन और गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि चुनाव अप्रैल में होने वाले हैं और राजनीतिक पार्टियां चाहते हैं कि सभी नियमों का पालन हो और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर रोक लगाई जाए।

### जेएनयू में छात्रों का बवाल, इस्तीफे की मांग पर अड़े

**दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों ने वीसी शांतिश्री डी पंडित के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की है। कैंपस के आसपास कड़ी सुरक्षा कर दी गई है। जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली पुलिस ने कुलपति शांतिश्री पंडित के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों को हिरासत में लिया गया है। 1० दिन पहले जेएनयू छात्रसंघ ने कुलपति शांतिश्री धुलिपुडी पंडित पर एक पॉडकास्ट में कथित रूप से जातिसूचक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया

## पुलिस थानों में सीसीटीवी पर कोर्ट सख्त

## केंद्र सरकार को बैठक में शामिल होने के निर्देश, 14 मार्च को अहम मीटिंग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी (न्यायालय का मित्र) वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च, 2०26 की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च, 2०26 को आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च 2०26 को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2०18 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था।

## एक नजर

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का हल्लाबोल

**लखनऊ।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के खिलाफ बृहस्पतिवार को शिक्षकों ने हल्ला बोला। सिटी स्टेशन की सड़क को जाम किया। शिक्षा भवन परिसर में तीन घंटे से अधिक समय तक धरना दिया। इस दौरान शिक्षकों में काफी रोष नजर आया। शिक्षकों ने चेतावनी दी, नई दिल्ली में मार्च में होने वाले देशव्यापी धरना के दौरान पूरी दिल्ली को जाम किया जाएगा। राजधानी सहित प्रदेश के परिषदीय विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद हर तरफ शिक्षकों का विरोध शुरू हुआ। बृहस्पतिवार को इसी सिलसिले में राजधानी के शिक्षकों ने भी एकजुटता का संदेश दिया। शिक्षा भवन परिसर में करीब एक हजार शिक्षक विभाग से आकस्मिक छुट्टी लेकर पहुंचे। पूरे परिषद को घेर लिया और इस दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी आने-जाने पर कुछ देर तक पाबंदी देखी गई।

टीचर फेडरेशन ऑफइंडिया के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुधांशु मोहन ने बताया कि संगठन के आह्वान पर यहां सभी शिक्षक संघ के नेता,पदाधिकारी व विद्यालय में कार्यरत शिक्षक शामिल हुए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2०25 में सुप्रीम कोर्ट ने सभी शिक्षकों की टीईटी की अनिवार्यता का आदेश दिया। जो किसी भी स्तर पर सही नहीं है। कोर्ट के इस आदेश के बाद शिक्षक मानसिक प्रताड़ना के शिकार हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया है। टीईटी अनिवार्यता के आदेश को खत्म करने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार-2००9 के तहत जुलाई 2०11 में लागू अधिनियम के अनुसार, शिक्षकों की टीईटी अनिवार्यता है जबकि उससे पहले वाले शिक्षकों के लिए नहीं है। कोर्ट ने अधिनियम को नजरअंदाज करते हुए सभी के लिए यह व्यवस्था लागू कर दी। जो कि शिक्षकों के साथ पूरी तरह से गलत है। इसी सिलसिले में बृहस्पतिवार को धरना दिया गया।

## यूपी-यामानाशी के बीच ग्रीन हाईड्रोजन तकनीक पर एमओयू जापान में प्रशिक्षण लेंगे छात्र

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ जापान दौरे पर हैं। गुरुवार को यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर एमओयू हुआ है। इसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। सीएम ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में हिस्सा लिया। साथ ही यूपी की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि यूपी ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव से बदलकर प्रोएक्टिव बनाया है। यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है। उधर, यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में कई जी2जी (गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट) और जी2बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) स्तर की बैठकों में भाग लिया है। वहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों से व्यापक संवाद हुआ।



इस मौके पर सीएम ने आगे कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्जा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

सीएम ने रोबोटिक्स को भविष्य की प्रमुख तकनीक बताया। कहा कि, यूपी सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की व्यवस्था की है। हमें विश्वास है कि यामानाशी से सहयोग भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा। ऊर्जा आत्मनिर्भरता तथा तकनीक को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीएम ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। वहां प्रकृति की विशेष कृपा है। भारत की सबसे उर्वर भूमि, सर्वाधिक जल संसाधन, विशाल मानव संसाधन और आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश को विशेष पहचान देते हैं। पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तथा अर्थव्यवस्था तीन गुना करने में सफलता मिली है। सीएम ने कहा कि पहले समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था थी। अब प्रदेश ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल अपनाया है।

## सीएम योगी ने 5०1 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की बुलेट ट्रेन में किया सफल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापान के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने यूपी में निवेश के लिए अब तक कई कंपनियों के साथ करीब 11 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर साइन किए। सीएम योगी ने जापान की बुलेट ट्रेन में भी सफर किया और अपने अनुभव बयान किए। उन्होंने सोशल मीडिया साइट पर लिखा कि आप देख सकते हैं कि मैं 5०1 किमीध्घंटा की रफ्तार से यात्रा कर रहा था। यामानाशी में मैंने जापान की उन्नत ट्रेन का अनुभव किया, जो अगली पीढ़ी की उच्च गति प्रणाली है और 5०० किमी/घंटा तक की गति प्राप्त कर सकती है। यह स्वच्छ, कुशल और सटीक परिवहन के भविष्य का प्रतीक है। असाधारण गति पर भी यात्रा सुगम और उल्लेखनीय रूप से स्थिर रही, जो नवाचार और दीर्घकालिक अवसंरचना उत्कृष्टता के प्रति जापान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जब प्रौद्योगिकी इतनी तेजी से आगे बढ़ती है, तो भविष्य पहले से कहीं अधिक निकट प्रतीत होता है।




## एनसीईआरटी विवाद पर शिक्षा मंत्री की सख्त टिप्पणी, कहा- जवाबदेही तय होगी

## शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाही करेंगे

**दिल्ली।** एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका से जुड़े कथित विवादित अध्याय को लेकर देश में उठे राजनीतिक और न्यायिक विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि जो कुछ हुआ उससे उन्हें गहरा दुख है और सरकार या शिक्षा मंत्रालय की ओर से न्यायपालिका का अपमान करने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई भी होगी।




धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार न्यायपालिका का सर्वोच्च सम्मान करती है और किसी भी शैक्षणिक सामग्री के जरिए संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ी सामग्री तैयार करने की प्रक्रिया की जांच की जा रही है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अध्याय तैयार करने में शामिल लोगों की जवाबदेही तय की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य जागरूकता फैलाना है, संस्थाओं को बदनाम करना नहीं।

यह मामला एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब से जुड़ा है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक हिस्सा शामिल किया गया था। इस सामग्री को लेकर वरिष्ठ वकीलों और कई कानूनी विशेषज्ञों ने आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि स्कूल के छात्रों को इस तरह की सामग्री पढ़ाना न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जिसके बाद इस पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस शुरू हो गई। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती जारी है। अदालत ने शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव और एनसीईआरटी निदेशक डॉ. दिनेश प्रसाद सकलानी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के चेयरमैन और अधिवक्ता आदिश सी अग्रवाल ने कहा कि न्यायपालिका ने सही कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में न्यायपालिका पर भ्रष्टाचार जैसी बातें शामिल करना वरिष्ठ अधिकारियों की बड़ी चूक है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा था कि किसी भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने संकेत दिया था कि यह एक सुनियोजित प्रयास भी हो सकता है और जरूरत पड़ने पर कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि न्यायपालिका देश की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था है और उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री पर कानून अपना काम करेगा।

## किसान की सुरक्षा-सम्मान से ही भारत सफल होगा: राहुल

**दिल्ली।** केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकाने के लिए किया ताकि वे एक ऐसे व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें जिससे भारतीय किसानों की बलि चढ़ जाएगी।



लोकसभा में विपक्ष के नेता कन्नूर जिले के पेरावूर में किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस सरल तथ्य को नहीं समझती कि किसान भारत की नींव हैं। उन्होंने कहा कि आईटी और अन्य क्षेत्रों के बारे में लंबे-लंबे व्याख्यान दिए जाते हैं, लेकिन नींव को मजबूत किए बिना कुछ भी नहीं बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा, यदि आप नींव का सम्मान नहीं करते, तो कुछ भी नहीं बन सकता। नींव बनाने वाले को सम्मान या सुरक्षा नहीं मिलती। हम हर दिन भोजन करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि उसे हमारे खाने की मेज पर कौन रखता है।श् राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ एक ऐसा समझौता किया, जो नींव खोदने जैसा था। उन्होंने कहा, भारतीय किसान छोटे किसान हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर कम है। अमेरिकी किसानों के पास विशाल खेत हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर उच्च है। अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करना एक आपराधिक कृत्य है।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पहले के किसी भी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी किसानों को भारत में सोयाबीन, सब्जियां और फल जैसे उत्पाद बेचने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा, इससे भारतीय कृषि की नींव नष्ट हो जाएगी। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति किसानों के लिए ही हुई थी। राहुल गांधी ने कहा कि कृषि संबंधी मतभेदों के कारण भारत-अमेरिका समझौता चार महीने से रुका हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया, श्भारतीय सरकार अमेरिकी कंपनियों के लिए कृषि क्षेत्र खोलना नहीं चाहती थी। कुछ भी प्रगति नहीं हो रही थी और अमेरिकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को धमकी दे रहे थे।श् उन्होंने आगे दावा किया कि राष्ट्रपति के संबोधन के बाद उन्हें संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि वे दो मुद्दे उठाना चाहते थे। उन्होंने कहा, एक मुद्दा एपस्टीन की उन 35 लाख फाइलों से संबंधित था, जो अभी तक सामने नहीं आई हैं। ये फाइलें अमेरिकी सरकार द्वारा गुप्त रखी गई हैं और कथित तौर पर इनमें भारत के प्रधानमंत्री के बारे में जानकारी शामिल है। दूसरा मुद्दा अमेरिका में अडानी का मामला था। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका में अदाणी समूह के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है और यह मामला प्रधानमंत्री से जुड़ा हुआ है।

## सुनेत्रा पवार बनीं एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, बैठक में हुआ फैसला

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव सामने आया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी में नेतृत्व परिवर्तन के साथ नया राजनीतिक अध्याय शुरू हो गया है। पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्य की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को सर्वसम्मति से एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी बैठक में लिया गया यह फैसला राज्य की राजनीति म् अहम माना जा रहा है। अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद पार्टी और सत्ता दोनों की जिम्मेदारियों में बड़ा बदलाव देखने को मिल। अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति अचानक नए मोड़ पर आ गई थी। उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सुनेत्रा पवार को सौंपी गई और अब उन्हें पार्टी की राष्ट्रीय कमान भी मिल गई है। पिछले कुछ दिनों से एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय की चर्चा चल रही थी, लेकिन अजित पवार गुट के वरिष्ठ नेताओं ने इसमें खास रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए नया नेतृत्व तय किया और सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया।

एनसीपी का राष्ट्रीय अधिवेशन 2०26 मुंबई के वर्ली इलाके में आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के सभी बड़े नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। अधिवेशन के दौरान सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को सभी नेताओं ने एकमत से मंजूरी दी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने औपचारिक रूप से उनके नाम की घोषणा की। साथ ही यह भी तय किया गया कि प्रफुल्ल पटेल पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रहेंगे।

## बाइक छोड़कर भागे युवक, संत ने बनाई वीडियो

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा।** वृंदावन धर्मनगरी के परिक्रमा मार्ग स्थित पुरानी रेलवे लाइन, सोहम आश्रम के समीप गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार दो अज्ञात युवक मांस से भरे कट्टे लेकर जाते समय असंतुलित होकर गिर पड़े। बाइक फिसलने के कारण कट्टों में भरा मांस बीच रास्ते पर बिखर गया। घटना के समय गौलूधिपुरम निवासी जगदानंद गिरी हाराज सोहम आश्रम में अपने गुरुजी से मिलने जा रहे थे। उन्होंने सड़क पर मांस बिखरा देख तत्काल अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया और युवकों की बाइक की चाबी निकाल ली। खुद को घिरता देख दोनों युवक अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर रफूचक्कर हो गए। धर्मनगरी की पावन रज पर मांस बिखरने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में गौरक्षक और स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी संजय पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और बरामद मांस को कब्जे में लेर जांच के लिए लैब भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शी जगदानंद गिरी महाराज ने गंभीर आरोप लगाते हुए कह कि वृंदावन के कुछ होटलों में चोरी-छिपे मांस परोसा जा रहा है औ बाहरी लोग यहां आकर मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि धर्मनगरी की पवित्रता बनाए रखने के लिए मांस की तस्करी और बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध सख्ती से लागू किया जाए।फिलहाल पुलिस लावारिस बाइक के जरिए फरार युवकों की तलाश में जुट गई है।

## सड़क हादसे में मृत महिला की शिनाख्त, कपड़े देखकर बिलख पड़े बेटे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार रात हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाली महिला की शिनाख्त हो गई है। लापता मां की तलाश में जुटे बेटे जब थाने पहुंचे तो पुलिस द्वारा दिखाए गए कपड़ों को देखकर फफक्क पड़े। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव स्वजन को सौंप दिया गया। मंगलवार रात ट्रांस यमुना कॉलोनी फेज-एक के सामने सैय्यद कट पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंद दिया था। अंधेरा होने के कारण पीछे से आ रहे कई अन्य वाहन भी शव को



कुचलते हुए निकल गए, जिससे शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। इधर, देर रात तक घर न लौटने पर ट्रांस यमुना फेस-दो निवासी अंकित अपने भाई अमित और अन्य परिजनों के साथ थाने पहुंचे। पुलिस ने हादसे में मृत महिला के कपड़े दिखाए। कपड़ों के आधार पर दोनों भाइयों ने 58 वर्षीय शांति देवी के रूप में पहचान की। मां की शिनाख्त होते ही परिजन बिलख पड़े। अंकित ने बताया कि उनके पिता राजेश कुमार आइसक्रीम के डिस्ट्रीब्यूटर हैं और दोनों भाई भी उनके साथ काम करते हैं। मंगलवार शाम शांति देवी फेस-वन बाजार गई थीं। लौटते समय यह हादसा हो गया। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस का कहना है कि हादसे में शामिल अज्ञात वाहन चालकों की तलाश की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## संस्कृति विवि में वक्ताओं ने छात्रों को उद्यमी बनने के लिए किया प्रेरित

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए प्रोत्साहित और गाइड करने के लिए माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज(एमएसएमई) के साथ मिलकर एक एंटरप्रेन्योरशिप अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ वक्ताओं ने एंटरप्रेन्योरशिप के मौकों, सरकारी सपोर्ट स्कीमों, स्टार्टअप डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी और उभरते हुए एंटरप्रेन्योर्स के लिए मौजूद फाइनेंशियल मदद के बारे में विस्तार से जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रति कुलाधिपति



डॉ. रघुराम भट्टा ने विद्यार्थियों को भविष्य के एंटरप्रेन्योर्स को बनाने में इनोवेशन, आत्मनिर्भरता और स्किल डेवलपमेंट के महत्व पर जोर दिया। एमएसएमई आगरा के फील्ड आफिसर योगेंद्र प्रताप सिंह ने एमएसएमई की अलग-अलग योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और फाइनेंशियल सपोर्ट सिस्टम, सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट के मौकों और बिजनेस प्लानिंग स्ट्रेटेजी पर कीमती जानकारी शेयर की। शिप्रा राठी, प्रेसिडेंट, खजानी वेलफेयर सोसाइटी, मथुरा (रोजगार दीदी), ने स्टूडेंट्स को अपनी स्किल्स को एक्सप्लोर करने और एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, केनरा बैंक, रवींद्र सिन्हा ने बैंक लोन पॉलिसीज के बारे में बताया और बताया कि बैंक एंटरप्रेन्योर बनने में कैसे मदद कर सकते हैं। केनरा बैंक के फाइनेंशियल कंसल्टेंट, मिस्टर अमित चतुर्वेदी ने फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचाने के लिए सुधार के तरीकों के बारे में बताया। यह उपयोगी कार्यक्रम संस्कृति विवि के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता जी, सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी जी के निर्देशन में किया गया।

## चन्द्रपुरी में हुई चोरी का शातिर मुठभेड़ में घायल

**अमर भास्कर, ब्यूरा**

**मथुरा।** थाना हाइवे पुलिस और रिवार्डी टीम ने मुठभेड़ के बाद चोरी के एक शातिर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी के जेवर और एक मोटरसाइकिल बरामद की। सीओ रिफाइनरी अनिल कपरवान ने बताया कि कार्यवाही 15-16 फरवरी 2026 की रात थाना हाइवे क्षेत्र के भगवती नगर चंद्रपुरी में हुई चोरी की घटना से संबंधित है। मामले में थाना हाइवे पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीपला, राजस्थान निवासी 32 वर्षीय राजवीर पुत्र बनवारी का नाम सामने आया था। बुधवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि राजवीर काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल से थाना हाइवे क्षेत्र में दोबारा चोरी करने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना पर थाना हाइवे पुलिस और रिवार्डी टीम ने अडूकी गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर रेलवे लाइन के पास घेराबंदी की। देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में अभियुक्त राजवीर के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त के पास से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, कई पीली धातु की चेन, एक जोड़ी पायल, चार बिछवे, सफेद धातु की डिस्क, चार पीली धातु के गिलास, एक बैग और प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने अवैध हथियार बरामदगी के संबंध में थाना हाइवे पर एक अलग मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, राजवीर के खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस टीम में उनि अनुज तोमर थाना हाइवे मथुरा, उनि नितिन राठी थाना हाइवे, उनि सावेज चौधरी रिवार्डी टीम प्रभारी, हैका 1694 अम्बेश कुमार, सूरजपाल, उज्जवल, रूबिल, विशाल पवन भाटी सोनू भाटी आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### लोहे के पुल के पास यमुना में मिला अज्ञात शव, इलाके में सनसनी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में लोहे के पुल के पास मोती महल के नजदीक यमुना जी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह स्थानीय लोगों ने नदी में शव उतराता देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है, ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### खबर छपने पर बौखलाया प्रधान का करीबी, पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** खंदौली गांव में जलभराव की समस्या को लेकर खबर प्रकाशित करना एक पत्रकार को भारी पड़ गया। तालाब के ओवरफलो से गलियों में भरे पानी की खबर छपने से नाराज प्रधान के एक करीबी ने पत्रकार को फोन पर जान से मारने और काटने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं, आरोपी घर के पास पहुंचकर भी धमकाता रहा। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा खंदौली क्षेत्र के गांव रामनगर स्थित मौजा नगला मढ्ढू में तालाब के ओवरफलो होने से गांव की गलियों व होलिका दहन स्थल पर जलभराव की समस्या बनी हुई है।

इस संबंध में पत्रकार अनीस कुमार उपाध्याय ने 24 फरवरी 2026 को अपने समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की थी। आरोप है कि खबर प्रकाशित होने के अगले दिन प्रधान के करीबी मनीषा उदैनिया ने पत्रकार को फोन कर जान से मारने और काट देने की धमकी दी। आरोपी ने कई बार फोन कर घर के पास बुलाने का प्रयास किया और कहा कि आज तुझे काट दूंगा, छोड़ूंगा नहीं। पीड़ित पत्रकार ने पूरे घटनाक्रम की सूचना पुलिस को दी, जिसके आधार पर 351(3),352 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। हालांकि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी की हरकतें नहीं रुकीं। गुरुवार सुबह जब पत्रकार अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी आरोपी घर के पास पहुंच गया और थाने के बीट सिपाही के सामने ही दोबारा धमकी दी। उसने कहा कि तू मेरा कुछ नहीं कर पाएगा। लगातार मिल रही धमकियों से पत्रकार का परिवार और बच्चे दहशत में हैं। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## इस्लाम नगर ब्लॉक में डीपी यादव की सभा का मामला

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** विकास खंड इस्लाम नगर परिसर में बीते 17 फरवरी को किसान गोष्ठी कार्यक्रम में पूर्व सांसद डीपी यादव ने प्रशासन को लेकर बयानबाजी की गई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मले की शिकायत के बाद डीएम ने जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद बुधवार रात वहां के बीडीओ व कृषि विभाग के एक एडीओ को हटा दिया गया है। साथ ही इनके खिलाफ विभागय कार्रवाई के लिए शासन को भी लिखा गया है। डीएम ने इस मामले की जांच मुख्य विकास अधिकारी को दी थी। इसके बाद डीडीओ अखिलेश चौबे ने मौके पर पहुंच कर अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान दर्ज किए थे।

इसकी रिपोर्ट सीडीओ के माध्यम डीएम को दी थी। जांच रिपोर्ट में शिकायत को सही पाया गया लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई थी।इस बीच बुधवार को हुई जिले की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी व केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा दिया। इसके बाद डीएम अविनाश राय ने इस्लामनगर के बीडीओ मुन्नवर खान और एडीओ कृषि अशोक कुमार शर्मा को जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा है। सालारपुर ब्लॉक के बीडीओ नितिन कुमार को इस्लाम नगर बीडीओ का चार्ज दिया गया। इस कार्रवाई की पुष्टि सीडीओ केशव कुमार ने की है।

## चादर में लपेटकर मासूम को ले जा रही महिला पकड़ी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** कुंवरगांव(बदायूं)। बनेई गांव में मंगलवार देर रात को तीन साल की बच्ची को एक महिला ने पकड़कर ले जाने की कोशिश की। ग्रामीणों की सजगता से बच्ची को सकुशल छुड़ा लिया गया। बाद में पुलिस जांच में सामने आया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है और घर से भटककर गांव पहुंच गई थी।गांव निवासी परवेज पुत्र जनाबे आलम की तीन वर्षीय बेटी अनाविया घर के दरवाजे पर भाई-बहनों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान एक महिला वहां पहुंची और बच्ची को गोद में उठाकर चादर में लपेटते हुए गली की ओर बढ़ने लगी। आसपास मौजूद लोगों को महिला की गतिविधि संदिग्ध लगी तो उन्होंने शोर मचा दिया।ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को रोक लिया और बच्ची को सुरक्षित छुड़ा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को थाने ले गई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम ममता पुत्री कल्लू निवासी ढाक वाली ज्यारत, वार्ड संख्या 06, मोहल्ला महाराज नगर सिविल लाइन बदायूं बताया। पुलिस टीम जब पते पर पहुंची तो उसके पिता कल्लू कश्यप व भाई शिवकुमार ने महिला की पहचान की।

मोहल्ले के लोगों से पूछताछ में पता चला कि ममता मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अक्सर बिना बताए घर से निकल जाती है। आवश्यक सत्यापन के बाद पुलिस ने महिला को उसके पिता व भाई के सुपुर्द कर दिया। घटना के बाद गांव में देर तक चर्चा का माहौल रहा।

## युवती से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर खुला राज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** घर में अकेली युवती को पाकर किराएदार युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के दो माह बाद युवती के गर्भवती होने पर परिजनों को जानकारी हुई। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले का एक परिवार ट्रांस यमुना में रहकर मजदूरी करता है। मां का आरोप है कि दो माह पहलपरिवार के सभी सदस्य काम पर गए थे और 25 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान मकान में किराए पर रह रहा इमरान कमरे में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित जयपुर चला गया। दो माह बाद युवती के गर्भवती होने पर परिजनों को शक हुआ।

पूछताछ करने पर युवती ने घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन आरोपित के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां इमरान के पिता संजय खान, भाई अरमान तथा बहन आसमीन और मुस्कान ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां ने ट्रांस यमुना थाने में तहरीर देकर आरोपित युवक समेत उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है। वहीं, घटना की जानकारी पर कुछ हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी अनिल शर्मा, शैलू जाट भी थाने पहुंचे और आरोपितों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मास्क पर लिखे विज्ञान के सूत्र, छात्रा पकड़ी गई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बुधवार को जिले में नकल पर सख्ती के दावों के बीच एक मामला सामने आया। पहली पाली में आयोजित हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में एक छात्रा नकल लाने के प्रयास में पकड़ी गई। छात्रा ने विज्ञान के सूत्र अपने मास्क पर लिख रखे थे, लेकिन परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले की गई सघन तलाशी में उसकी यह कोशिश नाकाम हो गई।यह मामला बिसौली क्षेत्र स्थित सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज का है। परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात शिक्षकों और केंद्र



व्यवस्थापक द्वारा अभ्यर्थियों की नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान छात्रा के मास्क पर लिखे गए विज्ञान के सूत्र नजर आए। मौके पर ही मास्क जब्त कर लिया गया और छात्रा को कड़ी हिदायत दी गई। परीक्षा की गंभीरता और छात्रा के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस संबंध में डीआईओएस लालजी यादव ने बताया कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

## बछड़ा बांधने को लेकर बवाल पुलिस के सामने चले लाठी-डंडे और पथराव

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**आगरा।** बछड़ा बांधने और गेट के पुराने विवाद को लेकर बुधवार को पड़ोसियों के बीच जमकर बवाल हो गया। पुलिस की मौजूदगी में ही दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले और ईंट-पत्थर फेंके गए। थाने से अतिरिक्त फोर्स पहुंचने पर हालात काबू में आए। मारपीट में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हुए हैं। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। नुनिहाई क्षेत्र के दुर्गा नगर में गोविंद इंटर कॉलेज के पास का है। यहां रहने वाले विनोद यादव और आज्ञाराम यादव के बीच गेट को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। बुधवार सुबह बछड़ा बांधने की



बात पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी समझाइश दे ही रहे थे कि तभी दोनों ओर से कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि लाठी-डंडों के साथ पथराव भी किया गया, जिससे मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। आज्ञाराम का कहना है कि विनोद यादव बछड़ा खुला छोड़ देते हैं, जो उनके घर में घुसकर गाय का दूध पी जाता है। बुधवार को बछड़ा बांधने के लिए कहने पर विनोद और उनके परिजनों ने हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आईं उनकी पत्नी सरला देवी, बेटा सचिन और 14 वर्षीय धेवता सौम्य यादव के साथ भी मारपीट की गई। वहीं विनोद यादव का आरोप है कि घर के बाहर लगे गेट को लेकर आज्ञाराम और उनका परिवार रंजिश मानता है।

वह सुबह बेटी को परीक्षा दिलाने स्कूल छोड़ने जा रहे थे, तभी आज्ञाराम और उनके परिजनों ने हमला बोल दिया। मारपीट में आज्ञाराम, उनका धेवता सौम्य यादव और विनोद यादव घायल हो गए। इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि आपसी विवाद में दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ है। तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** बदायूं जिले में बुधवार देर रात बाइक सवार चाचा-भतीजे को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में चाचा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना इस्लामनगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार गांव रामनगर सैदपुर उर्फ मुड़खोड़ा निवासी 48 वर्षीय श्रीपाल सोमवार देर रात अपने भतीजे आकाश पुत्र बुद्धसेन को लेने इस्लामनगर गए थे। आकाश हरियाणा के पानीपत में रहकर मजदूरी करता है और होली का त्योहार मनाने घर लौट रहा था।बताया जाता है कि श्रीपाल भतीजे को बाइक से लेकर घर वापस आ रहे थे। तभी बिसौली-



इस्लामनगर रोड पर हेमपुर गांव के पास टिस्या कोल्ड स्टोर के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रीपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इस्लामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाही, 6 वाहन सीज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी बदायूं के निर्देशन में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हरिओम के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई।



अभियान के दौरान प्रमुख राजमार्गों, संपर्क मार्गों तथा संवेदनशील चेकिंग प्वाइंट्स पर व्यापक जांच की गई। इस दौरान कुल 14 वाणिज्यिक वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 6 वाहन निर्धारित मानकों से अधिक भार वहन करते पाए गए। संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए चालान किए गए तथा लगभग 2 लाख रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित कर सरकारी खाते में जमा कराया गया। नियमों के उल्लंघन पर 6 वाहनों को सीज भी किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, ब्रेकिंग सिस्टम प्रभावित होता है और सड़कों व पुलों की संरचना को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे वाहनों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करने के आरोप में 20 दोपहिया चालकों के चालान किए गए। प्रशासन ने सभी वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की है कि निर्धारित भार सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का अनुपालन करें तथा सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## मिशन शक्ति टीम ने 15 मिनट में गुमशुदा बच्चा खोजकर मां को सौंपा




**बिल्सी।** थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम ने तत्परता दिखाते हुए 3 वर्षीय गुमशुदा बच्चे हिमांशु को मात्र 15 मिनट में तलाश कर उसकी मां सुनीता को सकुशल सुपुर्द कर दिया। बच्चा साप्ताहिक बाजार में भीड़ के दौरान गुम हो गया था। पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# बदायूं के रुदायन प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं ने की आवश्यक बैठक

## पीड़ित परिवार से मिलकर लिया घटनाक्रम का विवरण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के रूदायन में हुए चर्चित प्रकरण को लेकर कानूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मामले के संबंध में अलीगढ़ से आए अधिवक्ता एड० राजा भईया आज सहसवान पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता एड० मोहम्मद फुरकान खान तथा एड० मोहम्मद रिहान खान के कार्यालय पर पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के अन्य अधिवक्ताओं के साथ भी विस्तृत चर्चा की गई और मामले के कानूनी पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ।



बैठक के उपरांत सभी अधिवक्ता संयुक्त रूप से रूदायन पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। अधिवक्ताओं ने पीड़ितों से विस्तार से बातचीत करते हुए घटना से जुड़े तथ्यों, परिस्थितियों और उपलब्ध साक्ष्यों का जायजा लिया।

इस मौके पर अधिवक्ताओं ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई पूरी मजबूती के साथ न्यायालय में लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रकरण से संबंधित सभी तथ्यों को एकत्र कर प्रभावी पैरवी की जाएगी, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और पीड़ित पक्ष को न्याय प्राप्त हो।

अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि न्याय व्यवस्था में आमजन का विश्वास बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए विधिक सहायता प्रदान करना उनका कर्तव्य है। यह मामला जनपद बदायूं में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग आगे की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं। इस मौके पर एडवोकेट मोहम्मद फुरकान खान, एडवोकेट सफीरुद्दीन, एडवोकेट वसीम अहमद अंसारी, एडवोकेट सय्यद काशिफ, एडवोकेट अली हैदर, एडवोकेट मोहम्मद रिहान खान, एडवोकेट इरशाद हुसैन, एडवोकेट मोहम्मद शाकिब आदि मौजूद रहे।

# सार-संक्षेप

## प्रमाण पत्र शुल्क वृद्धि के विरोध में कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन



**बरेली।** डॉ. हृदेश यादव, जो समाजवादी पार्टी के नेता तथा छात्रसंघ महामंत्री हैं, ने प्रवासन प्रमाण पत्र तथा अनंतिम उपाधि प्रमाण पत्र के शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रवासन प्रमाण पत्र तथा अनंतिम उपाधि प्रमाण पत्र का प्रत्यक्ष (ऑफलाइन) शुल्क क्रमशः दो सौ रुपये तथा तीन सौ रुपये निर्धारित था, जबकि अब इसे ई-माध्यम (ऑनलाइन) के माध्यम से बढ़ाकर एक हजार रुपये कर दिया गया है। यह वृद्धि इन प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने वाले पूरे मंडल के हजारों विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। उन्होंने आगे कहा कि सभी समाजवादी साथियों की यह मांग है कि इस अवैध शुल्क वृद्धि को तत्काल समाप्त किया जाए तथा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इन प्रमाण पत्रों को प्रत्यक्ष और ई-माध्यम दोनों प्रकार से प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर करण, मुकेश, गजेंद्र कुर्मी, रवि पंडित, विक्रांत पाल, मंजीत, अनिकेत, अनुराग, संजय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई परीक्षा

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में गुरुवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रवेश द्वार पर तैनात शिक्षकों और पुलिसकर्मियों ने एडमिट कार्ड का मिलान करने के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी। कड़ी जांच व्यवस्था के कारण परीक्षा केंद्र पर अनुशासन का माहौल है। केन्द्र व्यवस्थापक डॉ घनश्याम दास ने बताया कि द्वितीय पाली में इंटर भूगोल विषय में 66 छात्राएं पंजीकृत थीं, जिसमें 65 उपस्थित रहीं। उन्होंने परीक्षार्थियों से किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों के उपयोग से बचने की सलाह दी। केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार पूर्ति निरीक्षक बदायूं, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक विष्णु कांत, परीक्षा प्रभारी विपिन शर्मा, सह प्रभारी हरदीप सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित पाराशरी आदि उपस्थित रहे। केंद्र पर पुलिस बल सुरक्षा के लिए पूरे समय मुस्तैद रहा।

## फैजगंज बेहटा बोर्ड की बैठक सम्पन्न

**बिसौली।** नगर पंचायत फैजगंज बेहटा की बोर्ड बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष इसरार खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026 से 2027 का बजट पेश किया गया।

गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष इसरार खान की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्या सहित सभी वार्डों के सभासद मौजूद रहे। जिसमें विगत बैठक की संपुष्टि के उपरांत नगर के प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बजट में कुल व्यय उन्तालीस करोड़ चौरासी लाख रुपए प्रस्तावित किया गया है। बैठक में नगर पंचायत बोर्ड ने एकजुट दिखाते हुए नगर के समग्र विकास की संकल्पबद्धता दोहराई। इस दौरान सभी सभासदों ने अपने अपने प्रस्ताव भी दर्ज कराएं। मीटिंग में विधायक आशुतोष मौर्या, अधिशासी अधिकारी वेद प्रकाश, समस्त सभासद, लिपिक राजीव शर्मा, लिपिक सुमित बाबू, अमीर रजा, मोहित उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को उझानी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना उझानी थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुकदमा संख्या 29/26 में संबंधित धाराओं के तहत नामित अभियुक्त अंशु पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी ग्राम मल्लामई को मुखबिर की सूचना पर अढौली रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## तमंचा, कारतूस और औजारों सहित एक आरोपी दबोचा

**उझानी।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त ब्रजेश वाल्मीकि पुत्र लक्ष्मण निवासी शक्ति नगर, महोली रोड जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, सब्बल (छैनी) तथा लोहे का कटर बरामद किया गया।

# भाकियू के युवा जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के युवा जिलाध्यक्ष अतुल तोमर के खिलाफपुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि किसान नेता द्वारा थाना परिसर का निरीक्षण किए जाने और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई।




सूत्रों के अनुसार, अतुल तोमर थाना प्रभारी के साथ निरीक्षण करते हुए दिखाई दिए थे, जिसका वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया। इसके बाद पुलिस ने अतुल तोमर तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

हालांकि इस कार्रवाई के बाद पुलिस पर एकतरफा कार्यवाही के आरोप भी लगने लगे हैं। स्थानीय लोगों और किसान संगठनों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब थाना निरीक्षण थाना प्रभारी की मौजूदगी में हुआ, तो संबंधित अधिकारी पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। साथ ही यह भी चर्चा है कि आखिर किसके आदेश पर किसान नेता को थाना निरीक्षण की अनुमति दी गई थी। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है तथा तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में महिला शिक्षकाओं का प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला इकाई के नेतृत्व में महिला शिक्षिकाओं ने टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षिकाओं ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बदायूं को सौंपा। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकालते हुए शिक्षिकाओं ने नारेबाजी और शिक्षक जयकारों के साथ अपनी मांगों को बुलंद किया तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी ज्ञापन दिया।



यह ज्ञापन जिला अध्यक्ष किरण सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में संगठन की समस्त टीम एवं महिला शिक्षिकाओं की ओर से सौंपा गया। ज्ञापन में वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की प्रमुख मांग उठाई गई।

जिला अध्यक्ष किरण सिंह सिसोदिया ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उस समय लागू नियमों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं और वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उन पर पुनः टीईटी की अनिवार्यता लागू करना न्यायसंगत नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों और शिक्षिकाओं ने पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की बाध्यता को अन्यायपूर्ण बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग जोरदार तरीके से उठाई।

संगठन ने केंद्र सरकार से अपील की कि शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे शिक्षकों में व्याप्त असमंजस और चिंता समाप्त हो सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं और सभी ने एक स्वर में शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा हेतु संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वीना सिंह, वीरवाला सिंह, अंजुम खान, सरोजिनी, पुष्पांजलि, निशा, नीलम, शशि, प्रमिला, ममता, अलका गुप्ता, अलका सागर, कंचन सक्सेना, नाहिद, कोमल, एकता, संतोष, पुष्पा, सना, मुजम्मिल, सर्वेश, रचना गोयल, रेणु, सुनीता, मुग्धा, मृदुला, शांति, राखी, नवनीत, साधना, वीना, सुमन, निशि, सना रियाज, विजेता सहित अनेक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# मनौना धाम में भव्य निशान यात्रा का आगमन, महंत ओमेन्द्र महाराज ने किया स्वागत

**अमर भास्कर, संवाददाता**

**आंवला।** क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध चमत्कारी मनौना धाम में फाग महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन परम पूज्य महंत ओमेन्द्र महाराज के सान्निध्य में श्री श्याम जी मित्र मंडल द्वारा किया गया।



निशान यात्रा का शुभारंभ प्रातः पुरैना मंदिर से महंत जी महाराज द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद हजारों की संख्या में श्याम भक्त निशान लेकर पूरे आंवला नगर में भ्रमण करते हुए मनौना धाम पहुंचे। यात्रा के दौरान भक्तों ने भक्ति गीतों, जयकारों और गुलाल के साथ होली का उत्सव मनाया।

मनौना धाम पहुंचने पर महंत ओमेन्द्र महाराज ने निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का फूलों और गुलाल से स्वागत किया तथा सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही आंवला से मनौना धाम तक निकली इस भव्य यात्रा का समापन धाम परिसर में हुआ, जहां धार्मिक कार्यक्रमों और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

निशान यात्रा के संयोजक मनोज चौहान के साथ श्री श्याम मित्र मंडल के दीपक चौहान, राहुल सिंह, अंकित गोस्वामी, योगेंद्र चौहान, प्रशांत गुप्ता, रंजीत चौहान, सचिन गुप्ता, शोभित चौहान, सचिन सक्सेना, राजकमल चौहान, ओमवीर सिंह, टिल्लू सिंह, परवेंद्र चौहान, राजकुमार मौर्य, अमित गोस्वामी, राजवीर शर्मा, अवनीश दिवाकर सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। वहीं श्री श्याम मंदिर मनौना धाम के प्रबंधक आर्येंद्र चौहान, महेंद्र पाल सिंह, अभेंद्र चौहान, श्यामेंद्र चौहान एवं मानवेंद्र चौहान ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी बैठक आयोजित

**बदायूं।** होली, रमजान, जुमे की नमाज, नवरोज और ईद-उल-फित्र के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना इस्लामनगर में संभ्रांत नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने थाना उघैती क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## विवेचनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**इस्लामनगर।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया ने थाना इस्लामनगर थाना तथा उघैती थाना में अर्दली रूम आयोजित कर विवेचकों द्वारा की जा रही विवेचनाओं की समीक्षा की तथा समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

# 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान

## डॉ. कृष्णा सिंह ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों के बारे में बताया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के विकास खंड उझानी क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय गंगोरा में दिनांक 26 फरवरी 2026 को 100 दिवसीय 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत एक प्रभावी जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन होपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करना था।



संस्था की निदेशक डॉ. कृष्णा सिंह ने विद्यार्थियों को बाल विवाह के कानूनी, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक नागरिक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई। साथ ही बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग बदायूं से श्रीमती प्रीति चौहान ने बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विभिन्न आपातकालीन एवं मानव सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी, ताकि विद्यार्थी आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

संस्था की सदस्य एवं वॉलिंटियर श्रीमती पूनम सागर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

यह पहल जनपद बदायूं में बाल विवाह उन्मूलन, बाल सुरक्षा एवं सामुदायिक जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

## राष्ट्रसेवा, अनुशासन और संस्कारों से होता है व्यक्तित्व का निर्माण: पाराशरी

**बिसौली।** संविलयन विद्यालय हर्रायपुर में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ हुआ। प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और कम से कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीने की कलाओं की ट्रेनिंग दी गई।

मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रिय कार्यकारिणी सदस्य हरीओम पाराशरी ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाती है। सच्चा स्काउट वही है जो विपरीत परिस्थितियों में भी मानवता की सेवा को सर्वोपरि रखता है और राष्ट्रहित के लिए सदैव तत्पर रहता है। उद्योगपति अखिलेश शर्मा ने कहा कि यदि युवा स्काउटिंग की भावना को अपने जीवन में उतार लें, तो कोई भी चुनौती राष्ट्र की उन्नति को रोक नहीं सकती। समाजसेवी देवेश शंखधार ने कहा कि बच्चे अपने चिंतन, चरित्र और व्यवहार में परिवर्तन लाएं तो हर समस्या का समाधान संभव है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउट संकट की घड़ी में दूसरों की सहायता और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। शिविर में स्काउटदृगाइड को प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप, आगजनी और दुर्घटनाओं में बचाव आदि के बारे में बताया।

## संपादकीय

## एआई को समावेशी बनाता भारत



नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट मात्र एक शिखर सम्मेलन न होकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर वैश्विक विमर्श को दिशा देने वाला अहम पड़ाव बना। यह सम्मेलन एआई के मोर्चे पर आकार ले रहे भौगोलिक, राजनीतिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तनों को प्रदर्शित करने के मंच के रूप में भी उभरा। हाल के दौर में एआई सम्मेलनों के केंद्र में सुरक्षा, अस्तित्व संबंधी जोखिम और नियमन की चिंता जैसे मुद्दे ही छाए रहे। ब्रिटेन में आयोजित ऐसे पहले प्रमुख सम्मेलन को जहां एआई सुरक्षा समिट का नाम दिया गया तो नई दिल्ली में इसके नामकरण में प्रभाव शब्द का समावेश हुआ। यह भी भारत की बड़ी उपलब्धि रही, क्योंकि प्रभाव का अर्थ बहुत व्यापक है। यानी यह तकनीक कैसे अपनी उपयोगिता से प्रभावित कर सकती है और इस तक सबकी समावेशी पहुंच कैसे सुनिश्चित हो।

कई दिग्गज संस्थाओं के सर्वेक्षणों में यह सामने आया है कि भारत और चीन जैसे देशों में एआई के प्रति 88 प्रतिशत तक की सकारात्मक भावना है। इसके उलट पश्चिमी यूरोप और अमेरिका के कुछ हिस्सों में इसे लेकर सतर्कता एवं संदेह का भाव दिखता है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एआई ने कुछ स्थापित पारंपरिक पेशों के लिए खतरे की घंटी बजाई है तो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसे अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यथार्थ ही कहा है कि कुछ पक्ष एआई में डर देखते हैं तो भारत इसमें अपना भविष्य देखता है। एआई से जुड़ी भारत की उम्मीदें उसके अनुभवों से ही उपजी हैं। जैसे आधार और यूपीआइ जैसे डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर ने भुगतान, पहचान सत्यापन और कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में तमाम बाधाओं को दूर करते हुए दैनिक जीवन को बहुत सुगम बनाया है। यह इसका जीवंत प्रमाण है कि कोई तकनीक कैसे लागत को घटाकर सक्षमता को बढ़ा सकती है। स्वाभाविक है कि भारत अपनी इस सफलता को अगले स्तर पर ले जाना चाहता है। इसी क्रम में उसने एआई समिट में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में समावेशन को बढ़ाने के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की एआई के साथ जुगलबंदी का खाका पेश किया।

पिछले एआई सम्मेलनों में विमर्श का केंद्रबिंदु सुरक्षा संबंधी प्राथमिकताएं रहीं, जबकि नई दिल्ली घोषणापत्र मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, सस्ती कनेक्टिविटी और कार्यबल प्रशिक्षण पर जोर देता है। इसमें यह स्वीकार्यता प्रदान की गई है कि सार्थक एआई भागीदारी के लिए कंप्यूटिंग शक्ति, इंटरनेट पहुंच और कुशल लोगों की आवश्यकता होती है। यह उचित स्थानों पर ओपन-सोर्स एआई का समर्थन भी करता है। इसके पीछे यही सोच रहा कि कई देश अपने तंत्र को शून्य से खड़ा करने की स्थिति में नहीं तो उनके लिए कुछ गुंजाइश तो मिलनी ही चाहिए। नि:संदेह एआई से जुड़े अपने जोखिम भी हैं, पर भारत ने अपने दृष्टिकोण में उसकी व्यावहारिक पहुंच पर ध्यान केंद्रित किया है।

सहभागिता एवं स्वीकार्यता की दृष्टि से भी सम्मेलन सफल रहा। विभाजित भू-राजनीतिक माहौल में भी नई दिल्ली घोषणापत्र पर 80 से अधिक देशों एवं वैश्विक संगठनों के हस्ताक्षर इसकी सफलता को रेखांकित करते हैं। यह सही है कि जिन घोषणाओं पर सहमति बनी, वे बाध्यकारी नहीं हैं, किंतु याद रहे कि किसी भी व्यवस्था के आकार लेने में उस पर सहमति बनना आवश्यक होता है। उसके बाद ही कानूनी ढांचा आकार लेता है। आर्थिक पहलुओं पर भी प्रगति देखने को मिली है। इसमें 400 अरब डालर से अधिक की निवेश प्रतिबद्धताएं व्यक्त की गई हैं। इनमें 250 अरब डॉलर का निवेश बुनियादी ढांचा संबंधी आवश्यकताओं तो 150 अरब डॉलर गहन तकनीकी पूंजी से जुड़ा होगा। एआई कंप्यूटिंग क्षमता, डाटा केंद्रों, सेमीकंडक्टर्स और पावर सिस्टम की आवश्यकता किसी से छिपी नहीं है। इस क्रम में भारत ने इस वर्ष के अंत तक एक लाख जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) की दिशा में कदम बढ़ाकर विस्तारित इंडिया एआई मिशन के तहत योजनाओं की घोषणा करके अपनी गंभीरता का संकेत दिया। कंप्यूटिंग के दम पर ही एआई का अपना इकोसिस्टम विकसित हो सकता है। अन्यथा सभी बातें सैद्धांतिक बनकर रह जाती हैं।


# अमर भास्कर

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )



- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***


अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-


**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*


# युवाओं का बड़ा सवाल, भर्ती प्रक्रिया या राजस्व का साधन?

उम्मीदों के आसमान तले खड़ा भारत आज एक कड़वी हकीकत से जूझ रहा हैकृयुवा शक्ति होने के बावजूद युवा ही सबसे अधिक असुरक्षित और आक्रोशित है। आंखों में सपने, हाथों में डिग्रियां और मन में अटूट विश्वास लिए करोड़ों अभ्यर्थी सरकारी नौकरी को अपने भविष्य की अंतिम सीढ़ी मानते हैं। परंतु जब बेरोजगारी भयावह रूप ले चुकी हो, तब यह सपना संघर्ष में बदल जाता है। ऐसे निर्णायक समय में आम आदमी पार्टी के नेता, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भर्ती व्यवस्था की उस अनदेखी सच्चाई पर प्रहार किया है, जिस पर अब तक चुप्पी साधी गई थी। उनका सीधा प्रश्न हैकृजब एक पद के लिए लाखों आवेदन लेकर भारी परीक्षा शुल्क वसूला जाता है, तो असफल अभ्यर्थियों की फीस वापस क्यों नहीं की जाती? यह मुद्दा अब केवल पैसों का नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशील शासन का प्रश्न बन गया है।

यह प्रश्न किसी एक दिन की उपज नहीं, बल्कि वर्षों से भीतर ही भीतर धधक रहे युवाओं के आक्रोश की गूंज है। राघव चड्ढा ने उसी दबे दर्द को शब्द दिए हैं। आज देश में स्थिति ऐसी हो गई है कि कई सरकारी भर्तियों में कुछ ही पदों के लिए दस लाख से अधिक आवेदन आना भी सामान्य बात बन चुकी है। हर आवेदन के साथ 500 से 1500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है, और जब इन आंकड़ों को जोड़ा जाता है तो एक भर्ती से सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, जबकि चयनित अभ्यर्थियों की संख्या नगण्य रहती है। बाकी लाखों युवा असफलता का भार लेकर लौटते हैं। वे केवल परीक्षा नहीं हारते, बल्कि अपना समय, धन और आत्मविश्वास भी गंवा बैठते हैं। ऐसे में यह संदेह स्वाभाविक है कि कहीं यह व्यवस्था युवाओं की विवशता को राजस्व के स्रोत में तो नहीं बदल रही।

परीक्षा शुल्क का उद्देश्य आयोजन की लागतकृप्रश्नपत्र निर्माण, केंद्र प्रबंधन, पर्यवेक्षक मानदेय और मूल्यांकनकृको पूरा करना होना चाहिए। परंतु वास्तविकता में एकत्रित राशि अक्सर इन खर्चों से कहीं अधिक होती है। कई बार परीक्षाएं रद्द होती हैं, पेपर लीक होते हैं या परिणामों में अनावश्यक देरी होती है, फिर भी अभ्यर्थियों को कोई राहत नहीं मिलती। मध्यम और निम्न वर्ग के छात्र परिवार की सीमित आय से यह शुल्क चुकाते हैं, जबकि कोचिंग, पुस्तकें, आवास और यात्रा का अतिरिक्त बोझ अलग होता है। जब अंततः परिणाम निराशा देता है, तो यह केवल एक व्यक्ति की हार नहीं, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक पीड़ा बन जाती है।

जब रोजगार के अवसर सीमित हों, तब संवेदनशील शासन की पहचान उसकी नीतियों से होती है। राघव चड्ढा का स्पष्ट मत है कि यदि सरकार पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम परीक्षा शुल्क को न्यूनतम रखा जाए या असफल अभ्यर्थियों को आंशिक रिफंड दिया जाए। उनका तर्क है कि प्रतियोगी परीक्षा सफलता की गारंटी नहीं देती, इसलिए शुल्क को रोजगार का प्रवेश-पत्र मानकर वसूलना न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह विचार सीधे युवाओं की भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है। आज लाखों अभ्यर्थी वर्षों तक तैयारी करते हैं, कई बार आयु सीमा भी पार कर जाते हैं और अंततः निराश होकर निजी या अस्थायी कार्य की ओर मुड़ते हैं। उनके लिए परीक्षा शुल्क महज रकम नहीं, बल्कि

निस्संदेह, रिफंड व्यवस्था लागू करना सरल नहीं होगा। प्रशासनिक जटिलताएं, तकनीकी प्रबंधन और बजटीय प्रभाव जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। फिर भी समाधान संभव हैं। शुल्क को प्रतीकात्मक बनाया जा सकता है, एक पंजीकरण से कई परीक्षाओं में भागीदारी की सुविधा दी जा सकती है, या परीक्षा रद्द होने पर स्वतः रिफंड अनिवार्य किया जा सकता है। डिजिटल भुगतान और सत्यापन प्रणालियों के इस दौर में पारदर्शिता सुनिश्चित करना असंभव नहीं है। आवश्यकता केवल स्पष्ट नीति और ठोस इच्छाशक्ति की है, ताकि व्यवस्था अधिक न्यायपूर्ण बन सके।

यह प्रश्न केवल धनराशि का नहीं, बल्कि युवाओं के मनोबल और सामाजिक संतुलन का भी है। वर्षों की तैयारी, परिवार की उम्मीदें और समाज की अपेक्षाएं मिलकर अभ्यर्थियों पर गहरा मानसिक दबाव बनाती हैं। असफलता के बाद अनेक युवा निराशा और अवसाद से जूझते हैं, कुछ चरम कदम भी उठा लेते हैं। जब व्यवस्था उन्हें केवल आंकड़ों में बदल देती है, तो स्वाभाविक रूप से भीतर असंतोष जन्म लेता है। ऐसे समय में यदि सरकार संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाए और शुल्क नीति में सुधार करे, तो यह भरोसा पुनर्स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे युवाओं को महसूस होगा कि उनकी मेहनत और संघर्ष को समझा जा रहा है। राघव चड्ढा द्वारा उठाया गया यह प्रश्न दलगत राजनीति से आगे बढ़कर सामाजिक चेतावनी का रूप ले चुका है। यह व्यवस्था को संकेत देता है कि केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं, बल्कि ठोस और व्यावहारिक सुधार आवश्यक हैं।

# केरल से केरलम पहचान की पुनर्स्थापना या राजनीतिक रणनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, राजनीतिक और संवैधानिक बहस का विषय बन गया है। यह फैसला उस प्रस्ताव की अगली कड़ी है जिसे राज्य विधानसभा पहले ही पारित कर चुकी थी। अब प्रश्न यह है कि इस नाम परिवर्तन से राज्य को वास्तविक लाभ क्या होंगे, संभावित हानियां क्या हो सकती हैं, इसका चुनावी राजनीति पर क्या असर पड़ेगा और क्या इससे भारतीय जनता पार्टी को कोई राजनीतिक फायदा मिल सकता है।

सबसे पहले लाभ की बात करें तो समर्थकों का तर्क है कि 'केरलम' नाम राज्य की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान के अधिक अनुरूप है। मलयालम भाषा में राज्य को 'केरलम' कहा जाता है, इसलिए यह परिवर्तन स्थानीय अस्मिता और आत्मसम्मान को मजबूती देता है। भारत में पहले भी कई राज्यों ने अपनी ऐतिहासिक या भाषाई पहचान के अनुरूप नाम बदले हैंकृजैसे ओडिशा (पूर्व नाम उड़ीसा) और उत्तराखंड (पूर्व नाम उत्तरांचल)। इन उदाहरणों से यह तर्क दिया जाता है कि नाम परिवर्तन कोई असामान्य कदम नहीं, बल्कि समय के साथ पहचान के परिष्कार की प्रक्रिया है।

दूसरा संभावित लाभ सांस्कृतिक ब्रांडिंग का है। 'केरलम' नाम पर्यटन, आयुर्वेद, बैकवाटर्स और पारंपरिक कला रूपों की वैश्विक पहचान को स्थानीय भाषा से जोड़ सकता है। जब कोई राज्य अपनी मूल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को आधिकारिक रूप देता है तो वह अपने नागरिकों में गौरव की भावना उत्पन्न करता है। इससे प्रवासी समुदाय, विशेषकर खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों मलयाली लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत हो सकता है। यह मनोवैज्ञानिक लाभ सीधे आर्थिक लाभ में बदले या न बदले, लेकिन सामाजिक आत्मविश्वास को बढ़ाने में भूमिका निभा सकता है।

हालांकि, इसके साथ कुछ व्यावहारिक चुनौतियां और संभावित हानियां भी जुड़ी हैं। नाम बदलने की प्रक्रिया में प्रशासनिक दस्तावेजों, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों, सरकारी वेबसाइटों, कानूनी अभिलेखों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय समझौतों में संशोधन की आवश्यकता होगी। यह प्रक्रिया समय और संसाधन दोनों लेती है। आलोचकों का कहना है कि जब राज्य बेरोजगारी, बाढ़ प्रबंधन, कर्ज बोझ और बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब नाम परिवर्तन प्राथमिकता नहीं होना चाहिए। उनका तर्क है कि इससे प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ सीमित हैं, जबकि प्रशासनिक लागत वास्तविक है। चुनावी असर के संदर्भ में यह निर्णय दिलचस्प है। केरल में लंबे समय से वामपंथी दलों और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन का वर्चस्व रहा है। भाजपा यहां अब तक सीमित प्रभाव ही बना पाई है। ऐसे में यदि नाम परिवर्तन का निर्णय केंद्र सरकार की मंजूरी से आगे बढ़ता है, तो भाजपा इसे संस्कृति के सम्मान और संविधान सम्मत प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। यह संदेश देने की कोशिश हो सकती है कि केंद्र क्षेत्रीय पहचान के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके साथ है। इससे भाजपा को यह नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिल सकता है कि वह केवल हिंदी पट्टी की पार्टी नहीं, बल्कि दक्षिण भारत की आकांक्षाओं को भी समझती है।

लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि केरल की राजनीति अत्यंत जागरूक और वैचारिक रूप से परिपक्व मानी जाती है। यहां मतदाता केवल प्रतीकात्मक मुद्दों पर वोट नहीं देते, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। इसलिए केवल नाम परिवर्तन से चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव आ जाए, यह मान लेना जल्दबाजी होगी। हां, यह भाजपा के लिए एक संवाद का द्वार खोल सकता है, जिससे वह राज्य की सांस्कृतिक भावनाओं के प्रति संवेदनशील दिखे।

भाजपा के संभावित फायदे पर यदि विस्तार से विचार करें तो यह निर्णय उसे दक्षिण भारत में अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का अवसर दे सकता है। पार्टी यह तर्क रख सकती है कि उसने राज्य विधानसभा की इच्छा का सम्मान किया और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत कदम उठाया। इससे वह उन मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर सकती है जो क्षेत्रीय पहचान और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन चाहते हैं। साथ ही, यह विपक्ष के उस आरोप को भी कमजोर कर सकता है कि केंद्र सरकार राज्यों की स्वायत्तता की अनदेखी करती है।

दूसरी ओर, विपक्ष इसे प्रतीकात्मक राजनीति बताकर जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगा सकता है। यदि राज्य में आर्थिक या सामाजिक समस्याएं बनी रहती हैं, तो नाम परिवर्तन का मुद्दा जल्दी ही पृष्ठभूमि में चला जाएगा। इसलिए चुनावी लाभ तभी संभव है जब इसे व्यापक विकास और सुशासन के एजेंडे के साथ जोड़ा जाए। एक और महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय स्तर का है। यदि संसद में यह विधेयक पारित होता है, तो यह संदेश जाएगा कि भारत की संघीय संरचना में राज्यों की सांस्कृतिक पहचान को मान्यता देने की परंपरा जारी है। इससे अन्य राज्यों में भी समान मांगें तेज हो सकती हैं, जैसा कि पश्चिम बंगाल द्वारा 'बांग्ला' नाम के प्रस्ताव के मामले में देखा गया था।

## खेल-खिलाड़ी

# इंग्लैंमड से हार के बाद ऑन एयर टकरा गए पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्वो कप 2026 में मंगलवार, 24 फरवरी को इंग्लैं ड ने पाकिस्तान को 2 विकेट से मात दी। इसके बाद पाकिस्ताएन की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा। इससे पहले पाकिस्ताकन और न्यूसजीलैंड के बीच खेला गया मैच बारिश के कारण रद हो गया था। पाकिस्तान की हार के बाद पूर्व क्रिकेटर सकलैन मुश्ताक और मोहम्मद हफीज के बीच हार के बाद ऑन-एयर तीखी बहस हुई।

अब अगर पाकिस्तादन को सेमीफाइनल में जगह बनानी है तो श्रीलंका के खिलाफअपना आखिरी मैच जीतना होगा और बाकी मैचों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। पाकिस्ता न टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ा है

इस बीच पाकिस्तानी शो श्गेम ऑन है में ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज की भूमिका को लेकर सकलैन मुश्ताक और मोहम्मद हफीज भिड़ गए। सकलैन का मानना था कि नवाज में बल्ले और गेंद दोनों से समान क्षमता है, वहीं हफीज का तर्क था कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी विकेट लेना है।



सकलैन वह दोनों ही तरह का खिलाड़ी है। उसके बारे में इस तरह से बात नहीं की जा सकती।

सकलैन मुझे लगता है कि वह बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में समान रूप से अच्छा है।

हफीज तो फिर उसे नंबर 5 पर क्यों नहीं खिलाया जाता?

सकलैन उसे खिलाया गया है। जब मैं पाकिस्तान टीम में था, तो मैंने उसे नंबर 5 पर बल्लेबाजी करवाई थी। उसमें क्षमता है। हफीज तो क्या वह ऐसा बल्लेबाज है जो गेंदबाजी भी कर सकता है? उसकी प्राथमिकता क्या है? मैंने पाकिस्तान के लिए ऑलराउंडर के रूप में खेला है, लेकिन मेरा मुख्य काम बल्लेबाजी था। नवाज के लिए यह गेंदबाजी है। अगर वह यह नहीं कर सकता, तो वह टीम में रहने लायक नहीं है।

पाकिस्तान को सुपर-8 का मैच बारिश में धुल गया था, ऐसे में उन्हेंग इंग्लैंवड के खिलाफहर हाल में जीत चाहिए थी। हालांकि, इंग्लिश टीम ने पाकिस्तालन को हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। अब दूसरे ग्रुप से न्यूलजीलैंड, पाकिस्तातन और श्रीलंका तीनों ही सेमीफाइनल की रेस में हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो साल में सबसे खराब खेला

**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका से खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने पिछले दो वर्षों में सबसे खराब खेल खेला। उन्होंने इस पर अधिक चिंता व्यक्त करने से इनकार किया और आगामी मैचों पर ध्यान केंद्रित करने की बात की।

सितांशु ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, द्विपक्षीय सीरीज के दौरान बल्लेबाजी अच्छी चल रही थी। पिछले मैच में बल्लेबाजी चिंताजनक थी। मैं व्यक्तिगत असफलताओं पर ध्यान नहीं दे रहा हूं। हमें पिछले मैच को एक अनुभव के रूप में लेना चाहिए। यह हमारे द्वारा खेले गए दो वर्षों का सबसे खराब खेल है। उन्होंने साथ ही कहा, मुझे सच में लगता है कि हम इसलिए एक मैच हार गए क्योंकि हमने अच्छी साझेदारी नहीं निभाई। लोग दबाव के बारे में ज्यादा बात करते हैं। मेरा मानना है कि हमारे खिलाड़ी दबाव से निपटने में सक्षम है। अगर हम विश्व कप जीतना चाहते हैं तो हमें दबाव से निपटना होगाश्




कोटक ने कहा कि भारत टूर्नामेंट में आगे भी आक्रामक बल्लेबाजी की अपनी रणनीति पर कायम रहेगा। उन्होंने कहा, श्निश्चित तौर पर हम उसी तरह की क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। मुझे लगता है कि हमें बहुत सकारात्मक रहना होगा और उसी तरह की क्रिकेट खेलनी होगी जिसने हमें सफलता दिलाई है। हम उसी तरह से खेलेंगे। हमारे रवैए में कोई बदलाव नहीं होगा।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बुधवार के रात्रि में उस समय दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गये जब गांव का ही राज कुमार नाम का शिक्षामित्र पीड़ित के खेत में बिजली के खंबे गाढ़ रहा था तभी पीड़ित का बेटा अपने खेत की तरफ से घर की तरफआ रहा था तो गांव का ही राज कुमार नाम का शिक्षामित्र बिजली का खंबा पीड़ित के खेत में गाढ़ था तो पीड़ित ने इसका विरोध किया लेकिन दबंग शिक्षामित्र पीड़ित पर आग बबूला हो गया और गाली-गलौच करने लगा और जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित के बेटे को भगा दिया तो पीड़ित के बेटे ने आप बीती घर पर आकर बताई तो पीड़ित पक्ष ने थाना केला देवी पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर खिरनी पुलिस चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और मामले को बा मुश्किल शांत करा दिया लेकिन आपको बता दें कि थाना कैला देवी क्षेत्र की ग्राम पंचायत अझरा में इसी मामले को लेकर वृस्पतिवार को पीड़ित पक्ष के मकान पर एक बैठक का प्रस्ताव रखा जिसमें गांव के सम्मानित लोग एकत्रित होकर बैठ कर रहे थे तभी दबंग शिक्षामित्र राजकुमार बैठक में से भाग गया और अपने घर से लाठी डंडे लेकर पीड़ित पक्ष के जुगल किशोर पुत्र रामेश्वर राजू पुत्र जुगल किशोर निवासी अझरा के मकान पर चढ़कर हमला कर दिया जिसमें पीड़ित पक्ष घायल हो गया जिसकी तहरीर लेकर पीड़ित पक्ष थाना केलादेवी पहुंचा और दबंग शिक्षामित्र राजकुमार और उसके बेटे अमित और विशाल पर मुकदमा दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया है।



# चौधरी सराय तरीन कैंपस पर एक अहम बैठक आयोजित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चौधरी सराय तरीन कैंपस पर अमित कुमार उठावल के सानिध्य मैं आरटीआई विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरटीआई विभाग के जिला अध्यक्ष मंजर अब्बास के नेतृत्व में आरटीआई विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विभाग पुष्पेंद्र श्रीवास्तव द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी मंजर अब्बास जीतपाल सिंह वाहिद सैफी आदि का माला पहनकर स्वागत किया गया तथा आरटीआई विभाग एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आरटीआई के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आरटीआई का मकसद केवल अधिकारियों से आरटीआई डालना ही नहीं आरटीआई की जानकारी बूथ स्तर पर प्रत्येक नागरिक प्रत्येक ग्रामीण प्रत्येक वार्ड प्रत्येक ब्लॉक स्तर तक पहुंचाकर आम आदमी को मजबूती प्रदान करना है।

आईटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित कुमार उठवाल ने कहा की कांग्रेस पार्टी 2005 में जमीनी स्तर पर आम आदमी को मजबूत करने के लिए आरटीआई कानून लेकर आई जिससे भ्रष्ट अधिकारियों एवं नेताओं में भय का माहौल वयाप्त हुआ तथा आम आदमी को मजबूती प्रदान हुई आरटीआई के द्वारा प्रत्येक नागरिक बड़े से बड़े अधिकारी से आरटीआई के जरिए यह मालूम करने की क्षमता रखता है कि उसके क्षेत्र में जो विकास हुआ उसमें कितना धन सरकार द्वारा दिया गया किसके ठेके में दिया गया एवं कितना कार्य जमीन पर संपन्न हुआ इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शर्मा शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद मुशीर खान तरीन मुनीश जोशी हम्माद मोवीन संजय सक्सेना दुष्यंत कुमार मनवीर जीतपाल सागर मोहम्मद कासिम वीर सिंह सागर मौअजजम हुसैन मास्टर जयपाल सिंह वॉइस सैफी संजय पाठक अकील अहमद मेहरान इरशाद हुसैन नौमान हैदर सुबोध शर्मा डॉक्टर फरहत बब्बू खान इफ्तिखार कुरैशी मेहताब आदि उपस्थित रहे।




# डीएम ने गुन्नौर तहसील तथा विकासखंड का किया निरीक्षण

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा तहसील गुन्नौर एवं विकासखण्ड गुन्नौर एवं थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम तहसील गुन्नौर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में नवनिर्मित राजस्व निरीक्षक कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं पटल से संबंधित कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय पूर्ति निरीक्षक का निरीक्षण किया एवं कार्यालय चकबंदी अधिकारी का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय को एक सप्ताह में व्यवस्थित रूप में तैयार किया जाए एवं साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया तथा 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से ऊपर के वाद के विषय में जानकारी प्राप्त की विरासत एवं धारा 67 से संबंधित रजिस्टर चेक किये एवं पुरानी फाईल चेक की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड गुन्नौर का निरीक्षण किया खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय को देखा तथा पुनर्निर्माण किये गये सहायक विकास अधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा परिसर स्थित सड़क मरम्मत तथा जर्जर भवन के मूल्यांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा थाना गुन्नौर का निरीक्षण किया गया भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर तथा जमानत रजिस्टर, मिशन शक्ति निरीक्षण, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, काउंसलिंग रजिस्टर, एण्टी रोमियो रजिस्टर को चेक किया।



# परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों पर की कार्रवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत अमिताभ चतुर्वेदी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन सम्भल एवं योगेन्द्र कुमार यादव यात्रीध्मालकर अधिकारी, सम्भल द्वारा ओवरलोडिंग बिना वैध प्रपत्र अनधिकृत संचालन आदि के विरूद्ध प्रवर्तन चेकिंग अभियान चला गया, जिसमें निजी वाहन व्यावसायिक प्रयोग करने के अभियोग में 01 वाहन, ओवरलोडिंग के अभियोग में 02 वाहनों को सीज करते हुए रू० 58000 प्रशमन शुल्क जमा कराया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत फिटनेस प्रमाण वैध नहीं के अभियोग में 01 चालान, हेलमेट के अभियोग में 05 चालान, सीट बेल्ट के अभियोग में 08 चालान, ट्रिपल राइडिंग के अभियोग में 02 चालान, मोबाइल फोन के अभियोग में 05 चालान किये गये हैं। इसके अलावा चालक वाहन चालकों परिचालकों को ओवरलोड वाहन न चलाने, सभी प्रपत्रपूर्ण रखने, वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें।



## सार-संक्षेप

### होटल में प्रेमी के साथ पकड़ीं दो छात्राएं



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक छात्रा इंटर की परीक्षा देने घर से सुबह दस बजे निकली थी। उसे कासगंज के ढोलना निवासी प्रेमी के साथ एक होटल में पकड़ा गया। इधर, एक दूसरी घटना में दूसरे गांव की एक बीए की छात्रा कॉलेज में फीस जमा करने के बहाने घर से निकल कर अपने प्रेमी के साथ गांव मखदूमनगर स्थित होटल में पकड़ी गई।

प्रेमी व प्रेमिका के गांव वालों ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। चारों युवाओं द्वारा माफी मांगने और फिर कभी दोबारा ऐसी हरकत न करने का वादा करने पर मामला रफादफा हो गया। लोगों में चर्चा है कि इस होटल में ऐसे ही काम होते हैं। राजनेताओं में ऐसे होटलों पर पुलिस कार्रवाही कर रही हैं।

### प्रभारी मंत्री आज अलीगढ़ में करेंगें कार्यक्रम का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें एवं जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी 27 फरवरी शुक्रवार को अलीगढ़ भ्रमण पर रहेंगे। नगर मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल अतुल गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री जी 27 फरवरी को अपरान्ह 02:30 बजे सर्किट हाउस पधारेंगे और 03 बजे से सर्किट हाउस सभागार में आहुत ''जिला प्रशासनिक समन्वय समिति'' की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि मा० मंत्री बैठक के उपरांत मथुरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा 26 व 27 फरवरी को

**अमर भास्कर, ब्यूरो**


**अलीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा 26 एवं 27 फरवरी को अलीगढ़ भ्रमण पर रहेंगे। नगर मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल अतुल गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री रिणवा 26 फरवरी की सांय 07 बजे अलीगढ़ पधारकर रात्रि विश्राम करेंगे। 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से सुनवाई केंद्र का निरीक्षण करेंगे और कलैक्ट्रेट सभागार में 12 बजे से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक, अपरान्ह 01 बजे से पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेस वार्ता, 02:30 बजे से बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ वार्तालाप के उपरांत सांय 04 बजे से समीक्षा बैठक कर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को 5 साल की जेल 20 हजार रुपए जुर्माना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल की विशेष पॉक्सो न्यायालय ने एक बालिका से छेड़छाड़ के मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराया है। अदालत ने अभियुक्त पंकज को पांच साल के कठोर कारावास और 20,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जनपद संभल की विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने अभियुक्त पंकज पुत्र अशोक, निवासी नई बस्ती रजपुरा, थाना रजपुरा, जिला संभल को दोषी पाया। यह फैसला 25 फरवरी, गुरुवार को सुनाया गया। पंकज को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 506 (आपराधिक धमकी) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 9/10 (यौन उत्पीड़न) के तहत दोषी ठहराया गया। न्यायालय ने आदेश दिया कि सभी सजाएँ साथ-साथ चलेंगी। यह घटना तब हुई थी जब बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि निर्णय सुनाते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की कि समाज में बालिकाओं की मर्यादा और सम्मान की रक्षा सर्वोपरि है।

ऐसे अपराध किसी भी प्रकार की सहानुभूति के पात्र नहीं हो सकते। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि बाल संरक्षण संबंधी कानूनों का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि समाज में ऐसे अपराधों को रोकना भी है। यह निर्णय साक्ष्य-आधारित न्यायिक प्रक्रिया का परिणाम है। इसमें गवाहों के बयानों, चिकित्सीय प्रमाणों और अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर अभियुक्त को दोषी सिद्ध किया गया। राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) नरेंद्र कुमार यादव ने इस मामले में प्रभावी पैरवी की। उन्होंने न्यायालय के समक्ष साक्ष्यों का तार्किक और विधिसम्मत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए अभियुक्त के अपराध को संदेह से परे सिद्ध किया, जिससे पीड़िता को न्याय मिल सका। इस प्रकरण में पैरोकार रविंद्र कुमार, न्यायालय के कोर्ट मुहर्रिर विनोद कुमार राठौर और राम कुमार का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। उन्होंने अभियोजन कार्यवाही को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# किसान मेले का सफल आयोजन संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** बृहस्पतिवार को डी.एस.एम. शुगर मिल, रजपुरा, सम्भल द्वारा गन्ना किसानों के हित में एक भव्य किसान मेले का आयोजन मिल परिसर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ना फसल की उन्नत खेती, नवीन किस्मों, रोग एवं कीट नियंत्रण, उर्वरक प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। गन्ना वैज्ञानिक डा. अवधेश डागर ने किसानों को इन विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा एवं संचालन कृषक खुर्शीद आलम द्वारा किया गया। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में ईशान गोयल, संयुक्त प्रबंध निदेशक उपस्थित रहे। उन्होंने मंच के माध्यम से किसानों से संवाद करते हुए कहा कि चीनी मिल किसानों की अपनी मिल है,अधिक से अधिक भूमि में उन्नतिशील प्रजातियों की बुवाई करें तथा पेड़ी फसल अवश्य लें। इस अवसर पर डा. अवधेश डागर ने गन्ना उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने तथा गुणवत्ता सुधारने के वैज्ञानिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को उन्नत प्रजातियों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रयोग, समय पर बुवाई तथा प्रभावी रोग एवं कीट प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया।



# बाइक से गिरकर महिला की मौत

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** चलती बाइक से गिरने के बाद एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके पक्ष ने महिला की मौत को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना संभल जनपद की गुन्नौर तहसील के धनारी थाना क्षेत्र के करेला की मढैया गांव की है। मृतका की पहचान प्रेमवती के रूप में हुई है, जिनके पति का नाम कोमल सिंह है। मायके पक्ष के अनुसार, प्रेमवती 23 फरवरी को शाम 4 बजे अपने पति के साथ दवा लेने सुल्तानगढ़ गई थीं। घर लौटते समय वह अचानक सड़क पर गिरकर घायल हो गईं और बेहोश हो गईं। पति ने उन्हें पहले संभल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां 24 फरवरी की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रेमवती के पिता किशोरी, जो पतरिया, थाना जुनावई क्षेत्र के निवासी हैं, ने बताया कि उनकी बेटी की शादी आठ साल पहले 2018 में कोमिल (पुत्र पान सिंह) से हुई थी। मायके पक्ष ने धनारी पुलिस को घटना की सूचना देते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी ने उपनिरीक्षक उपदेश कुमार को मौके पर भेजा।



# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिलाधिकारी द्वारा व्हीकल डिटेंशन यार्ड के निर्माण हेतु नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में समीक्षा, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के कैशलेस उपचार के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 2025 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा, रोड़वेज बस स्टेण्ड पर परिवहन निगम व अन्य वाहनों से लगने वाले जाम की समीक्षा, यात्री विभाग के दुर्घटनाओं के मामलों में परिवहन विभाग द्वारा कराधान अधिनियम, नियमावली के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता से सम्बन्धित जनपद में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा, सड़क दुर्घटनाओं के पश्चात तुरन्त चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराया जाना तथा गोल्डल ऑवर में घायलों की मदद व गुड्स सेमेरिटन स्कीमध्राहवीर योजना के प्रचार प्रसार की समीक्षा, बिलराम गेट चौराहा एवं अन्य स्थानों पर जल कल द्वारा खोदे गये गढडे एवं शहर को जाम मुक्त रखने की समीक्षा, जनपद में सड़क दुर्घटनाओं एवं रोडवेज बस स्टैंड पर परिवहन निगम अन्य वाहनों से लगने वाले जाम की समीक्षा कर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी सड़क मार्गों का परिवहन विभाग, यातायात विभाग, लोक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से निरीक्षण कर ऐसे स्थलों को चिन्हित करें जहां लगातार दुर्घटनायें हो रही हैं, जिससे उन स्थलों पर सुधारीकरण की कार्यवाही करायी जा सके। जिलाधिकारी ने रोड़वेज बस स्टेण्ड पर लगने वाले जाम की समीक्षा एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को कैशलेस उपचार के सम्बन्ध में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश, अनुबंधित बसों पर अनुबंध की बैधता स्पष्ट और बड़ा लिखा होना चाहिये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को दिये निर्देश।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देशित किया इसके विरुद्ध यातायात पुलिस और परिवहन विभाग अभियान चलायें। सड़क दुर्घटना में घायलों की मद्द के लिए भारत सरकार द्वारा घोषित राहवीर योजना जिसके अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति की मद्द करने पर उस व्यक्ति को 25000 रुपये की धनराशि इनाम के रूप में दी जाएगी तथा उसको राहवीर के रूप में सम्मानित किया जाएगा, इसी तरह कैशलेस स्कीम के अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज 07 दिन के अन्दर 1,50,000 रुपये की धनराशि से सम्बन्धित निजी अस्पतालों में किया जाए बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, ए०आर०टी०ओ० आर पी मिस्त्र, अधिशासी अभियन्ता, लो०नि०वि०, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, एआरएम रोड़वेज सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



# मकर संक्रांति के अवकाश के बदले 28 फरवरी को खुला जिला न्यायालय

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में, जिला न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग ने सूचित किया है कि जनपद न्यायालय, फिरोजाबाद आगामी 28 फरवरी, 2026 (चौथे शनिवार) को न्यायिक कार्य के लिए खुला रहेगा।

यह निर्णय 15 जनवरी, 2026 को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में घोषित किए गए सार्वजनिक अवकाश की प्रतिपूर्ति के रूप में लिया गया है। कार्य दिवस: 28 फरवरी, 2026 (शनिवार)



कारण: 15 जनवरी के मकर संक्रांति अवकाश के बदले कार्य दिवस। प्रभाव: सभी न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और बार एसोसिएशन के सदस्य इस दिन नियमित न्यायिक कार्य का संपादन करेंगे।

# बारात में आपत्तिजनक गाने बजने पर चले पत्थर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना जवां क्षेत्र के गांव सुनाना में मंगलवार देर रात बारात में आपत्तिजनक गाने को लेकर दो समुदाय आपस में भिड़ गए। इस विवाद में जमकर ईंट-पत्थर चले, जिससे गांव के घरों और बारात में आए वाहनों को नुकसान पहुंचा है। उधर पुलिस ने स्थिति को काबू किया और भारी सुरक्षा के बीच शादी की रस्में पूरी कराईं। बताते हैं कि पलवल से आई यह बारात अनुसूचित जाति के पप्पन के घर जा रही थी।

बारात जैसे ही ठाकुरों के मोहल्ले से गुजरी, बारात में शामिल एक युवक ने अपने मोबाइल से डीजे पर एक जातिगत भावनाओं



को भड़काने वाला गाना बजा दिया। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। थोड़ी ही देर में बहस गाली-गलौज में बदल गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। जानकारी मिलते ही जवां थाना पुलिस और आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभाला और पूरी बारात को सुरक्षा घेरे में लेकर दुल्हन के घर तक पहुंचाया। पुलिस की मौजूदगी में ही शादी की सभी रस्में शांतिपूर्वक संपन्न कराई गईं। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है ताकि दोबारा विवाद न हो।

एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह विवाद मोबाइल के जरिए डीजे पर बजाए गए एक उत्तेजक गाने के कारण शुरू हुआ था। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस उन अराजक तत्वों को चिह्नित कर रही है जिन्होंने शांति भंग करने की कोशिश की। माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उनके कक्ष में जनपद में आयोजित होने वाली आगामी एक दिवसीय निशुल्क वृहद रोजगार मेले के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और अपर जिलाधिकारी विशु राजा भी उपस्थित रहे, रोजगार समिति के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले में 50 से 60 प्रतिष्ठित कंपनियों के सम्मिलित होने का अनुमान है, युवाओं के लिए इस मेले के माध्यम से देश के



साथ-साथ विदेशों में भी नौकरी पाने के अवसर उपलब्ध रहेंगे, इसमें कृषि, फार्मेसी, फूड सेक्टर, मार्केटिंग, एल आई सी, मारुति सुजुकी, पुखराज हेल्थ केयर, जेप्टो, ब्लिंकीट और केएफसी जैसी कंपनियां हिस्सा लेंगी, इस मेले में कंप्यूटर ऑपरेटर, अकाउंटेंट, इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया है कि मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक रोजगार युवक और युक्तियां इसका लाभ उठा सके, उन्होंने जोर दिया है कि चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शी हो और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिले, उन्होंने सभी बेरोजगार युवक और युवतियों का आह्वान किया है, कि मेले में प्रतिभाग करने से पहले रोजगार पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, पंजीकरण के पश्चात ही अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में साक्षात्कार दे सकेंगे, बैठक में जिला सेवा योजना अधिकारी खुशबु शाक्य उपस्थित रही।

# जिले से चिन्हित 10 पशुपालक बरेली में करेंगे एक्सपोजर विजिट

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा० दिवाकर त्रिपाठी द्वारा बुधवार को 10 पशुपालकों को प्रशिक्षण एवं प्रचार योजना अन्तर्गत 02 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए पशुचिकित्साधिकारी बिजौली डा० पंकज कुमार के साथ केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सीवीओ डा० त्रिपाठी ने



बताया कि पशुपालन विभाग में प्रशिक्षण एवं प्रचार योजना संचालित है। पशुपालकों के कौशल विकास उत्पादकता बढाने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजना के तहत जिले के विकास खण्डों से पशुपालकों को अन्य जनपद की पशुपालन से सम्बन्धित संस्थाओं में जाकर एक्पोजर विजिट कराई जाती है। उन्होंने पशुपालकों से आव्हान किया कि इस प्रकार की विजिट के इच्छुक पशुपालक अपने नजदीकी पशुचिकित्सालय पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### एएमयू मल्लापुरम केंद्र में कानून के छात्रों के लिए सीवी लेखन पर कार्यशाला आयोजित



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मल्लापुरम केंद्र, केरल की लॉ सोसायटी ने कानून के छात्रों के लिए सीवी लेखन विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। यह कार्यशाला एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में ग्लोबल डेटा फेलो प्रेरणा दीप द्वारा आयोजित की गई।

छात्रों को संबोधित करते हुए प्रेरणा दीप ने कहा कि कानूनी सीवी एक प्रभावशाली पेशेवर परिचय-पत्र होता है और लॉ फर्म तथा वकालत के दफ्तरों में प्रवेश के लिए यह विश्वसनीयता का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को एक विस्तृत मुख्य सीवी तैयार रखना चाहिए और अलग-अलग पदों के अनुसार उसका संक्षिप्त और उपयुक्त रूप भेजना चाहिए।

उन्होंने सुव्यवस्थित प्रस्तुति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा, इंटर्नशिप और शोध कार्य को स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए। साथ ही, सटीक क्रिया शब्दों का प्रयोग करें, उपलब्धियों को मापनीय रूप में दर्शाएँ और साफ-सुथरा प्रारूप रखें। उन्होंने सजावटी डिजाइन, फोटो और सामान्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से तैयार भाषा से बचने की सलाह दी तथा शुद्धता और ईमानदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताया। कोर्स समन्वयक डॉ. शाहनवाज अहमद मलिक ने छात्रों को लिंक्डइन प्रोफाइल के माध्यम से अपनी पेशेवर पहचान मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। एएमयू मल्लापुरम केंद्र के निदेशक प्रो. शाहुल हमीद ने करियर से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने के लिए लॉ सोसायटी की सराहना की। डॉ. इमरान अहमद और डॉ. आमिर यूसुफवाघे ने भी पेशेवर प्रोफाइल को बेहतर बनाने संबंधी सुझाव दिए। कार्यक्रम का समापन डॉ. समरीन अहमद द्वारा संचालित एक संवादात्मक चर्चा के साथ हुआ।

### चकबन्दी की समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्राम चौपालों का होगा आयोजन




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी विनीत मिश्र द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया है कि चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत ग्रामों में समुचित प्रचार-प्रसार के उपरांत निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ''ग्राम चौपाल'' का आयोजन कर कृषकों का फीड बैक प्राप्त करते उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाना है।

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार 26 फरवरी को अपर जिलाधिकारी न्यायित एवं उप संचालक चकबंदी द्वारा तहसील गभाना के ग्राम दहेली के प्राथमिक विद्यालय एवं 27 फरवरी को अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम एवं बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा तहसील इगलास के ग्राम साथिनी के प्राथमिक विद्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्धारित ग्रामों में ग्राम चौपाल के समय ग्राम से सम्बन्धित स्टाफ मय अभिलेखों सहित उपस्थित रहने के भी निर्देश दिए हैं।

# अलीगढ़ के बच्चू सिंह का शव हापुड़ नाव में मिला

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** बुधवार सुबह हापुड़ में गंगा के ब्रजघाट पर सरकारी प्रिंटिंग और स्टेशनरी विभाग में तैनात ज्वाइंट डायरेक्टर बच्चू सिंह का शव नाव में पड़ा मिला। सुबह घाट पर टहलने आए लोगों नाविकों ने नाव में शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। ब्रजघाट पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि पुलिस ने ज्वाइंट डायरेक्टर को सीपीआर देकर जान बचाने की कोशिश की। उसके बाद सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी पहचान अलीगढ़ जिले के बाजरा गांव निवासी बच्चू सिंह के रूप में हुई है। उनकी तैनाती रामपुर जिले के निदेशालय एवं मुद्रणालयवार में थी।

पहचान होने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद परिवार के सदस्य भी ब्रजघाट पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि बच्चू सिंह निदेशालय एवं मुद्रणालयवार में ज्वाइंट डायरेक्टर थे। उनकी तैनाती रामपुर में थी। वे किसी काम से घर से निकले थे, लेकिन ब्रजघाट कैसे पहुंचे, इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि बच्चू सिंह ब्रजघाट किन परिस्थितियों में पहुंचे और उनकी मौत कैसे हुई। घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है



और अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। कोतवाली गढ़मुक्तेश्वर और ब्रजघाट पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटी है। मृतक बच्चू सिंह के परिवार में एक 24 साल का बेटा है। एक बेटी है शिवानी जिसकी शादी हो चुकी है। पत्नी देवेंद्री है, जो अपने पुत्र शब्द के साथ प्रयागराज में रहती हैं। बेटी शिवानी की शादी अलीगढ़ में हुई है, दामाद एवं बेटी हापुड़ में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे हैं। मृतक बच्चू सिंह के परिजनों में जितेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई है। बच्चू सिंह ब्रजघाट नाव में अचेत अवस्था में पड़े हुए हैं। सूचना पर वह बृजघाट पहुंचे। उनकी सांसे चल रही थी, गढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाते-जाते उनकी मृत्यु हो गई, जहां डॉक्टर ने भी उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।

बाइक डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार घायल गभाना क्षेत्र में हाईवे स्थित चुहरपुर गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चालक घायल हो गया, जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, घायल बाइक चालक की पहचान ओगर निवासी भूरा सिंह के रूप में हुई है। भूरा सिंह ने बताया कि वह अपनी बाइक से अपने गांव से अलीगढ़ किसी काम के लिए जा रहे थे। चुहरपुर गांव के पास हाईवे पर पहुंचते ही किसी वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। हादसा देखकर राहगीर मौके पर जमा हो गए और उन्होंने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पुलिस ने घायल भूरा सिंह को अस्पताल पहुंचाया।

# बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त प्रवीन कुमार गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे अभियानों के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व मे थाना अराँव पुलिस टीम द्वारा मु०अ०स० 28/26 धारा 109 (1) 115(2) 351(2) 352 बीएनएस थाना अराँव फिरोजाबाद में हत्या के प्रयास मे वांछित चल रहे अभि० प्रवीन कुमार पुत्र सार्जेन्ट सिंह निवासी ग्राम भारौल थाना अरांव जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 40 वर्ष को मुखविर खास की



सूचना पर भारौल बाईपास दुकान विल्डिंग मटेरियल से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तारशुदा अभियुक्त प्रवीन कुमार उपरोक्त को मा. न्यायालय के समक्ष भेजा रहा है नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त प्रवीन कुमार पुत्र सार्जेन्ट सिंह निवासी ग्राम भारौल थाना अरांव जिला फिरोजाबाद आदि।

# एकादशी पर लठामार होली आज

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** श्री वार्ष्णेय मंदिर के व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप वालों एवं श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार लठामार होली कार्यक्रम पारम्परिक रूप से होगा लेकिन इस वर्ष यह अपने नये रूप मे होगा। भजन संध्या मे राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ होली का आंनद दुगना हो जाता है।

राधा रानी की सखियाँ लहंगा पहनकर जब होली की तैयारियों मे लगी होंगी ऐसे मे ब्रज के हुरियारे उनपर रंग डालने आएंगे तो लठ पड़ना स्वाभाविक है। श्री वार्ष्णेय मंदिर



सोसायटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता फोटो एवं कोषाध्यक्ष दिनेश भट्टे वालों, गुलाब चंद्र सुपारी वालों, राजू गणपत के अनुसार आप सभी कन्हैया के सभी ग्वाल बाल भी सफेद कुरता पजामा, धोती और राधा रानी की सखियाँ लहंगा पहनकर आएँगी। यह लठामार होली कार्यक्रम 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से श्री वार्ष्णेय मंदिर प्रांगण मे धूमधाम से मनाया जाएगा।

# बिजली न होने पर मरीजों को करना पड रहा भारी परेशानी का सामना

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जनपद कासगंज के सोरों स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों में अव्यवस्थाएं चरम पर कई बार विवादों में रहे चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश यादव, कई बार नोडल अधिकारी, महिला आयोग सदस्य, जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में खामियां दूर करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए, अधीक्षक मुकेश यादव के तानाशाह रवैया के कारण अव्यवस्थाएं हावी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों में जब मरीज दिखाने के लिए आते हैं तो वहां उचित इलाज न मिलने के कारण निराशा हाथ लगती है ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरों में गरीब ,निर्धन , वृद्ध, विधवायेआते है व्यक्तियों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा एक्सरा कराने




के लिए मशीन दी है, परंतु अस्पताल में बिजली न होने के कारण मरीज को निराश होकर वापस जाना पड़ता है इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक से वार्ता की तो उन्होंने कह दिया बिजली नहीं है जब उनसे कहा गया जनरेटर सुविधा तो है उसको चालू किया जाए जिससे अंधेरे में जो ट्रीटमेंट मरीजों को दिया जा रहा है प्रकाश में सही दिया जाए वहीं दूसरी तरफएक्स्ट्रा मशीन भी नहीं चल रही थी रूम में अंधेरा था, विभिन्न प्रकार की रक्त की जांचों के लिए प्रकाश की आवश्यकता होती है डॉ मुकेश द्वारा बताया गया जनरेटर खराब है वही डॉक्टर साहब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट स्थित सिक्योरिटी गार्ड की कुर्सी पर नजर आए, मरीज डॉक्टर साहब को बिल्डिंग के अंदर उनके ऑफिस में ढूंढते नजर आ रहे थे, डॉक्टर साहब को वह नहीं जानते थे की सिक्योरिटी गार्ड की कुर्सी पर बैठा व्यक्ति गार्ड नहीं डॉक्टर है यह क्रिया शैली प्रश्न चिन्ह खड़े करती है, डॉक्टर साहब के लिए सरकार सैलानी मरीज देखने की देती है या सिक्योरिटी गार्ड की कुर्सी पर बैठने की गेट की , अपने कर्तव्य के प्रति उदासीनता के कारण कई बार जिला अधिकारी महोदय द्वारा भी चेतावनी देकर अवगत कराया गया है जिला प्रशासन से मांग है कि प्रकरण की निष्पक्षता से जांच की जाए, मरीजों के साथ कोई अनहोनी ना हो सके।

### उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग द्वारा बिन्दुवार अजेन्डा पढते हुए उद्योग बन्धुओ की समस्याओ से मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य विभागो को अवगत कराया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में नये ओद्योगिक आस्थान विकसित करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श, निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा, उ०प्र० ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान शासन स्तर से हस्ताक्षरित हुये।

## निगम की टीम ने हटाए अवैध अतिक्रमण और अवैध होर्डिंग्स



अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश के आदेशानुसार आज नगर निगम मथुरा-वृंदावन की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण एवं अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अपर नगर आयुक्त सी. पी. पाठक के निर्देशन में तथा कर्नल आर. के. सिंह, प्रवर्तन दल प्रभारी की उपस्थिति में वृंदावन जोन अंतर्गत छटीकरा, मल्टी लेवल पार्किंग, केसी घाट, इस्कॉन मंदिर, प्रेम मंदिर, निधिवन, राधारमन गली, अटल्ला चुंगी आदि प्रमुख स्थलों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए 02 ढकेल, 06 बांस (बम्बू), 10 स्टूल सहित अन्य सामग्री को जब्त कर नगर निगम परिसर में जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त कुल 21 अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही की गई। नगर निगम द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि शहर को अतिक्रमण-मुक्त एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# इस्राइल में फलस्तीनियों के मुद्दे उठाएं पीएम मोदी ने



**यरूशलम।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गाजा में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई की निंदा की है और पीएम मोदी से अपील की है कि वे इस्राइल दौरे पर फलस्तीनियों के अधिकारों का मुद्दा उठाएं। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर इस्राइल में मौजूद हैं।

अराघची ने आरोप लगाया कि गाजा में इस्राइल की कार्रवाई नरसंहार के बराबर है और तेहरान, इस्राइल के साथ जुड़ना ठीक नहीं समझता। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस्राइल में पीएम मोदी फलस्तीनियों और उनके आत्मनिर्णय के अधिकार के मुद्दे पर भी बात करेंगे। इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने कहा, दुर्भाग्यवश, इस्राइल ने पूरे गाजा को तबाह किया है। 75 हजार लोग मारे गए हैं और यह सिर्फ दावा नहीं है बल्कि तथ्य है, जिसकी पुष्टि गाजा मुद्दे पर काम करने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने की है। यह एक नरसंहार है। इसलिए जाहिर है, हम ऐसे नरसंहारी शासन के साथ जुड़ना ठीक नहीं समझते। भारत में हमारे दोस्तों को खुद फैसला करना है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में वे फलस्तीनियों और उनके आत्मनिर्णय के अधिकार के मुद्दे पर भी ध्यान देंगे। ईरानी विदेश मंत्री ने भारत और ईरान के मजबूत संबंधों पर भी बात की और भारत को ईरान का दोस्त बताया। उन्होंने कहा, भारत के साथ हमारे संबंध हमेशा से बहुत अच्छे रहे हैं। भारत ईरान का दोस्त है और हमारा रिश्ता ऐतिहासिक है।

हमने हमेशा से अच्छे द्विपक्षीय आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध बनाए रखे हैं। हम चाहते हैं कि यह संबंध ऐसे ही बने रहें। मेरे सहयोगी मंत्री जयशंकर के साथ अच्छे संपर्क हैं और हम हमेशा अपने विचार साझा करते हैं। हमारे व्यक्तिगत संबंध भी बहुत अच्छे हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन




अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा ।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृष्ण चन्द्र गांधी स.वि.म इंटर कॉलेज माधवकुंज मथुरा द्वारा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय सह सम्पर्क प्रमुख विद्या भारती डा० राकेश चन्द्र चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, उपप्रधानाचार्य राजीव पाठक तथा कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय मीडिया प्रभारी प्रवक्ता उमेश शर्मा द्वारा कराया गया। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए डा. राकेश चन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि नशा युवाओं के लिए एक अभिशाप है। नशा युवाओं के जीवन को बर्बाद करता है और नशे की गिरफ्त में फँसा युवा न स्वयं का भविष्य संवार सकता है और न ही देश के विकास में अपना योगदान दे सकता है। उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को नशा न करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया तथा निर्देश दिया कि प्रत्येक स्वयंसेवक एक डायरी तैयार करे, जिसमें यह अंकित किया जाए कि उसने कितने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पश्चात गणित मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# केएम अस्पताल ने लगाया शेरगढ़ कस्बे में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा ।** मौसम परिवर्तन होने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जिसको लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष व केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने केएम अस्पताल की स्वास्थ्य टीम को गांव गांव जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाने के निर्देश दिए है। इसी श्रृंखला में केएम की मार्केटिंग टीम ने शेरगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। वरिष्ठ चिकित्सकों को अपने गांव में देखकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष व केएमयू के कुलाधिपति की भूरि भूरि प्रशंसा की है। मथुरा जनपद के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाए जा रहे हैं। अब तक दर्जनों से अधिक गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाय जाचुका है, आने वाले दिनों में भी ऐसे शिविर गांव गांव लगाये जाएंगे।आज शेरगढ़ कस्बे में गणमान्य नागरिकों के सहयोग से शिविर लगाया गया। जिसमें केएम अस्पताल के चिकित्सक डा. दीपक, डा. चन्द्रा, डा. भावेश ने हड्डी रोग, स्त्री रोग, आंख रोग, बुखार, खांसी जुखाम से ग्रस्त महिला पुरूष और बच्चों का परीक्षण (जांच) कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की। केएम विश्वविद्यालय कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया हम चाहते हैं कि मथुरा जिले के ग्रामीणों को समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिलता रहे ताकि उनका समय और पैसा दोनों बचे। केएम हॉस्पिटल ब्रज में रहने वाले ब्रजवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कटिबद्ध है।

# सजधज के पहुंची हुरियारिनों ने बरसाई प्रेम की लाठियां



अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा ।** बरसाना की लठामार होली के दूसरे दिन फाल्गुन सुदी दशमी को नंदभवन, रंगीली चौक और यशोदा कुंड क्षेत्र रंग, गुलाल, फाग पद और प्रेमपगी लाठियों की वर्षा से सराबोर हो उठा। बरसाना से आईं राधारानी की सखी स्वरूप हुरियारे फगुवा लेने के लिए नंदगांव पहुंचे। यहां समाज गायन के बाद हुरियारिनों ने उन पर प्रेम पगी लाठियां बरसाईं। गुरुवार दोपहर से देर शाम तक चले आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की मौजूदगी में द्वापरकालीन परंपरा एक बार फिर सजीव हो उठी। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण बरसाना में होली खेलने के बाद बिना फगुवा (नेग) दिए नंदगांव लौट आए थे। इसी की स्मृति में बरसाना की गोपियां स्वरूप हुरियारे गुरुवार को नंदगांव में फगुवा लेने पहुंचे। इस दौरान नंदगांव में लठमार होली का आयोजन किया गया। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे से बरसाना से हुरियारों के जत्थों का नंदगांव आगमन शुरू हो गया। सबसे पहले वे यशोदा कुंड पहुंचे, हां परंपरागत तरीके से उनका स्वागत किया गया। यहां रबड़ी, केसर मिश्रित भांग की ठंडाई और प्रसाद वितरित किया गया। लठमार होली के लिए हुरियारों ने सिर पर पगड़ी बांधी और ढालें संभालीं। यशोदा कुंड से हुरियारों का जत्था नंद के जमाई के जय उद्घोष के साथ नंदभवन की ओर रवाना हुआ। मार्ग में मिलने वाली गोपियों से हंसी ठिठोली करते हुए हुरियारे नंदभवन पहुंचे। भूरे का थोक के लोगों ने छतों से टेसू के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग और गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर हुरियारों का स्वागत किया गया। जगह-जगह फूलों की रंगोलियां सजाई गई। नंदभवन पहुंचते ही अबीर गुलाल के सतरंगी बादल छा गए। यहां कृष्ण-बलराम के विग्रहों के समक्ष बरसाना और नंदगांव के समाजियों ने समाज गायन किया। फगुआ दे मोहन मतवारे, फगुवा दे आदि का गायन कर नेग मांगा। शाम करीब सवा पांच बजे रंगीली चौक पर हजारों की संख्या में हुरियारे, हुरियारिनें और श्रद्धालु एकत्र हुए। यहां फाग, रसिया और लोकगीतों पर हुरियारे-हुरियारिनों का नृत्य हुआ। समाजियों के संकेत के बाद हुरियारिनों ने हुरियारों पर प्रेमपगी लाठियों की वर्षा शुरू हुई। देरशाम तक चली इस होली को देखने के लिए हजारों लोग साक्षी बने। लठमार होली पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को अनीता सिंह



अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल जज (सी०डि०) अनीता सिंह ने अवगत कराया है कि माननीय मुख्य न्यायाधिपति, सर्वोच्च न्यायालय मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालय माननीय कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत वर्ष में उच्चतम न्यायालय से तहसील स्तर तक 14 मार्च दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, मथुरा में भी किया जाना है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अपने-अपने न्यायालयों में किया जाना है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापेमारी कार्रवाई



अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के निर्देशानुसार आगामी त्योहार होलीध्रंगोत्सव पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस एवं आने वाले श्रृद्धालुओं को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा कृष्णा विहार कॉलोनी सुनरख बांगर स्थित राम प्रताप के मकान से खोए और मिल्क केक का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया तथा लगभग 664 किलोग्राम संदिग्ध मिलावटी खोया कीमत लगभग एक लाख बत्तीस हजार रुपए जब्त कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में दिया गया। श्री कृष्ण जन्म स्थान के सामने स्थित नमकीन की तीन दुकानों से नमकीन से एक-एक नमूनें संग्रहित किए गए। खाद्य सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह, रामनरेश, धर्मेंद्र सिंह और रीना शर्मा शामिल रहे। उक्त संग्रहित सभी पांच खाद्य नमूनें जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग चीन से



**कीव।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थायी मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा।

थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादेशिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए। थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतुलित, प्रभावी और सतत् यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए। यूएन महासभा ने यूक्रेन की चिरस्थायी शांति के समर्थन का फैसला, पक्ष में 107, विपक्ष में 7 और अनुपस्थिति में 51 मतों से पारित किया। जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुश्किल और संवेदनशील मुद्दों को सुलझाने और युद्ध को पूरी तरह खत्म करने का यही एकमात्र प्रभावी तरीका है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इन शांति प्रयासों का समर्थन किया है।

# ब्राजील में भीषण बाढ़ से हाहाकार में 46 लोगों की मौत



**ब्रासीलिया ।** दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील में कुदरत का भयानक कहर देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में भीषण बाढ़ से लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। अब तक 46 लोगों की मौत हो गई। कई लोग लापता है, जिनको तलाश जारी है। वहीं सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर है। दक्षिणपूर्वी ब्राजील के मिनास गैरेस राज्य में आई भीषण बाढ़ में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ब्राजील के दक्षिणी भाग में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से तबाही मचने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और अधिक बारिश होने की आशंका है। इधर, मिनास गैरेस राज्य में बचाव अभियान जारी है। बचाव कर्मचारी स्थिति पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। बचाव अभियान पूरी तेजी से जारी है और घर व कस्बे कीचड़ और मलबे से ढके हुए हैं। इससे पहले बुधवार को ब्राजील के अग्निशमन विभाग ने मृतकों की संशोधित संख्या प्रकाशित की और बताया कि लगभग 21 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनास गैरेस में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। दमकल विभाग ने बताया कि लगभग 110 किलोमीटर (68 मील) की दूरी पर स्थित जुइज डे फोरा और उबा शहरों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण लगभग 3,600 लोग विस्थापित हो गए, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। मृतकों में 11 वर्षीय बर्नार्डो लोपेस दुत्रा भी शामिल था, वहीं दुत्रा की पत्नी और बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। पिता रिकार्डो दुत्रा ने जुइज डी फोरा ने अंतिम संस्कार के दौरान कहा कि यह एक ऐसी त्रासदी है, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। उन्होंने बर्नार्डो को एक बड़े दिल वाला लड़का बताया, जिसने अपने अनोखे अंदाज में अपने आस-पास के सभी लोगों को प्रभावित किया। इधर, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा बलों को बचाव अभियान में लगाया गया हैं।

## चोरी के तीन मोबाइलों सहित शातिर को जीआरपी ने पकड़ा



अमर भास्कर, ब्यूरा

**मथुरा।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देशन, पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ प्रयागराज के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, आगरा की देखरेख एवं थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम व आरपीएफ मथुरा जंक्शन की संयुक्त टीम द्वारा राज बहादुर पुत्र श्री हरि प्रसाद निवासी ग्राम छतारा थाना सादाबाद जनपद हाथरस को मय चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ स्टेशन मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर 08 के आगरा साइड आगे झाड़ियो के पास से आज सुबह 10.20 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपित पर आधा दर्जन मुकद्में पंजीकृत है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022